रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, मंगलवार 18 जून 2024, वर्ष 10, अंक 164, पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

# पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में ट्रेन हादसा, कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकराई

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है. मालगाड़ी ने सियालदाह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर लगने से कंचनजंगा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं. पांच से छह लोगों के घायल होने की खबर है। हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं. बचाव अभियान के लिए आपदा टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और बचाव काम शुरू कर दिया गया है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, यात्री ट्रेन निर्धारित समय पर सिलीगुड़ी के जलपाईगुड़ी स्टेशन से निकलने के बाद रंगपानी और निजबारी स्टेशन के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गई. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस, रेलवे अफसर और प्रशासनिक अफसर पहुंच गए हैं।इसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।बोगियों को हटाकर फंसे यात्रियों को निकाला जा रहा है। और घायलों को प्राथमिक इलाज दी जा रही है। इसकी जानकारी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी दी है।

ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा, 'दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में हुए एक दुखद रेल हादसे के बारे में जानकर स्तब्ध हूं. विस्तृत जानकारी का इंतजार है।बताया जा रहा है कि कंचनजंगा एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकरा गई है। बचाव और चिकित्सा सहायता के लिए डीएम, एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस और आपदा दल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।'



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगेः PMO**




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, "पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया है। प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव कार्य जारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटनास्थल पर जा रहे हैं।"**

# इनामी ज़ोनल कमांडर सहित तीन नक्सली ढेर





*__पश्चिमी सिंहभूम__। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित कोल्हान जंगल में सुरक्षाबलों ने सोमवार सुबह मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया। इनमें से एक महिला नक्सली भी है। मौके से हथियार और अन्य सामग्री बरामद हुई है। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है उन्होंने कहा कि दो नक्सलियों को जीवित पकड़ने में भी कामयाबी मिली है। इनमें एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली है। मारे गए नक्सलियों में एक जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और एक सब-जोनल कमांडर के अलावा एक महिला नक्सली शामिल है। अभी तलाशी अभियान जारी है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि गुवा थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों के एकत्र होने की सूचना पर सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम को इस अभियान में यह कामयाबी मिली। कुछ नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल भी रहे। चाईबासा जिले में नक्सलियों का सबसे बड़ा दस्ता मौजूद है। जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। 65 नक्सली कैडर हैं। चाईबासा जिले के ही गोइलकेरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। 30 नक्सली कैडर हैं।जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि दो नक्सलियों को जीवित पकड़ने में भी कामयाबी मिली है। इनमें एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली है।*

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी ईद-उल-अजहा की बधाई

**नई दिल्ली**। देशभर में ईद-उल-अजहा का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह ईद-उल-अजहा के मौके पर लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक्स हैंडल पर लिखा है,"ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं! यह विशेष अवसर सद्भाव के बंधन को और मजबूत करे।" प्रधानमंत्री के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ईद-उज-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की जामा मस्जिद में सुबह छह बजे नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने दिल्ली के दरगाह पंजा शरीफ में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। ।



ईद-उल-अजहा का त्योहार बुधवार शाम तक मनाया जाएगा। दिल्ली की फतेहपुरी मस्जिद में सवेरे सवा सात बजे नमाज अदा की गई।

## NEET-सिपाही भर्ती पेपर लीक के पीछे बाप-बेटे की जोड़ीः बिहार का संजीव मास्टरमाइंड; UP, MP, हरियाणा तक नेटवर्क

नई दिल्ली

NEET, UP में सिपाही भर्ती या बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा, तीनों के पेपर लीक हुए। पुलिस ने जांच शुरू की, तो सभी में एक नाम आया संजीव उर्फ मुखिया। पुलिस के मुताबिक, बिहार के नालंदा में रहने वाले संजीव का देशभर में नेटवर्क है। कहीं भी पेपर लीक हो, उससे संजीव का कनेक्शन जरूर मिलता है। संजीव ने पहली बार 2016 में NEET का पेपर लीक करने की कोशिश की थी। तब उत्तराखंड पुलिस ने उसे अरेस्ट किया था। वो जमानत पर बाहर आया और फिर पुलिस कभी उसे पकड़ नहीं पाई। संजीव का डॉक्टर बेटा शिवकुमार भी पेपर लीक गैंग में शामिल है। उसके पास ऐसे एक्सपर्ट हैं, जो पेपर के बॉक्स बिना सील तोड़े खोल सकते हैं। शिवकुमार अभी पुलिस की गिरफ्त में है।

**बिहार में NEET के पेपर लीक का दावा, सरकार का इनकार** NEET एग्जाम में गड़बड़ी के आरोपों के बीच सबसे बड़ा सवाल है कि क्या इसका पेपर लीक हुआ है। एग्जाम कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, यानी NTA और




सरकार पेपर लीक की बात मानने को तैयार नहीं है। एजुकेशन मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान ने 13 जून, 2024 को मीडिया से कहा कि पेपर लीक के कोई सबूत नहीं हैं। तीन दिन बाद 16 जून को न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में एजुकेशन मिनिस्टर ने पहली बार गड़बड़ी की बात मानी। उन्होंने कहा, 'NEET के संबंध में दो जगह कुछ गड़बड़ियां सामने आई हैं। मैं छात्रों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। NTA के अधिकारी दोषी पाए गए, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।' उधर, बिहार में पेपर लीक के आरोपी अरेस्ट किए जा रहे हैं। पुलिस के पास पूरी कहानी है कि पेपर कब और कैसे लीक हुए। पेपर लीक करने वाले गैंग के लिंक UP, गुजरात और दिल्ली तक मिल रहे हैं। UP, बिहार और गुजरात में पेपर लीक के दावों की पड़ताल की। इसमें जो फैक्ट मिले, उससे पेपर लीक का दावा पुख्ता होता है। गुजरात के गोधरा, बिहार के पटना और दिल्ली में एग्जाम वाले दिन हुई गड़बड़ियों पर FIR भी दर्ज हुई हैं। पटना में दर्ज FIR से साफ पता चलता है कि पेपर लीक कराने वाली गैंग को पहले ही NEET के सवाल मिल गए थे। पटना में स्टूडेंट्स को एक जगह रुकवाकर सवालों के जवाब रटवाए गए।

### पेपर लीक के मास्टरमाइंड




## सीडीएस जनरल अनिल चौहान जम्मू के दौरे पर, सुरक्षा स्थिति का करेंगे आकलन



**जम्मू**। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान जम्मू का दौरा करेंगे। वो जम्मू संभाग में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का आकलन करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीडीएस का दौरा जम्मू संभाग में हुए कई घातक हमलों के बाद हो रहा है। कुछ दिन पहले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान का बलिदान हो गया। साथ ही आतंकी हमले नौ तीर्थयात्रियों सहित 11 लोग मारे जा चुके हैं। जनरल चौहान नगरोटा व्हाइट नाइट कॉर्प्स मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक कर सकते हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इस बैठक में उन्हें मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था और हिंसा की हालिया लहर से निपटने के लिए लागू किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पिछले दो हफ्तों में आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में कई स्थानों को निशाना बनाया है। इन समन्वित हमलों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं और इन घटनाओं ने क्षेत्र में सुरक्षा ढांचे को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। आतंकवादियों ने रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर गोलीबारी की, जिसके कारण बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई।

## अब दखल तो जरूर होगा, आरएसएस की 'मनमर्जी' बर्दाश्त कर पाएगी मोदी-शाह



**नई दिल्लीः** क्या आरएसएस और बीजेपी के रिश्तों में तनाव है? लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद सबसे पहले संघ से जुड़ी पत्रिका ऑर्गनाइजर में रतन शारदा का लेख आया। इसमें बीजेपी के लिए साफ संदेश हैं। इन संदेशों के संकेतों पर अभी बात हो ही रही थी कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयानों ने स्थिति बहुत हद तक स्पष्ट कर दी। फिर संघ की मुस्लिम शाखा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के प्रमुख इंद्रेश कुमार ने इस चर्चा को अगले स्तर पर पहुंचा दिया। उन्होंने इतना तगड़ा कटाक्ष किया कि अगले ही दिन सफाई देने पड़ गई। संघ से जुड़े विचारक रतन शारदा हों या फिर संघ प्रमुख मोहन भागवत या राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार, सभी की टिप्पणियों में एक कॉमन फीलिंग है- अहंकार। सभी ने येन केन प्रकारेण यही बताने और जताने की कोशिश की है कि लोकसभा चुनाव में लगे झटके के पीछे बेजीपी नेतृत्व का अहंकार सबसे ज्यादा जिम्मेदार है।

## रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने ट्रेन हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

*__नई दिल्ली__। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में सोमवार को हुए ट्रेन हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। रेल मंत्रालय के अनुसार एक कंटेनर ट्रेन सिग्नल पार कर गई और कंचनजंगा ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गई। एनडीआरएफ, डिवीजनल टीम और 15 एंबुलेंस मौके पर मौजूद हैं। रेलमंत्री भी वॉर रूम में हैं। मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि टक्कर के बाद कंचनजंगा एक्सप्रेस की कम से कम दो बोगियां पटरी से उतर गईं। रेलमंत्री ने एक्स पर कहा है कि एनएफआर जोन में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई है। बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ मिलकर काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।*



**बर्बरता** | **पुलिस ने बताया था कि उसने दर्शन की करीबी मित्र, एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा को आपत्तिजनक मैसेज भेजे थे**

## इलेक्ट्रिक शॉक दिया, काटी जीभ... पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से कन्नड़ स्टार दर्शन की बर्बरता पर दिल दहला देने वाले खुलासे

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों एक बड़े विवाद के केंद्र में है. इंडस्ट्री के बड़े स्टार्स में से एक दर्शन को पिछले हफ्ते पुलिस ने एक हत्या के संबंध में अरेस्ट कर लिया था. ये मामला दर्शन के ही एक फैन, रेणुकास्वामी की हत्या से जुड़ा है. रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में जांच कर रही पुलिस ने बताया था कि उसने दर्शन की करीबी मित्र, एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा को आपत्तिजनक मैसेज भेजे थे. इस बात से नाराज दर्शन ने रेणुकास्वामी के नाम की सुपारी दी और उसकी हत्या करवा दी. पुलिस ने जो खुलासे किए उनके अनुसार इस दर्शन लगातार हत्यारों के संपर्क में थे और रेणुकास्वामी को अगवा कर पहले उनके पास भी लाया गया था. पुलिस ने इस मामले में दर्शन और पवित्रा समेत 17 लोगों को अरेस्ट किया है. अब रेणुकास्वामी की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से दिल दहला देने वाली डिटेल्स सामने आई हैं.

इलेक्ट्रिक शॉक देकर किया टॉर्चर सोमवार को पुलिस ने बताया कि रेणुकास्वामी को हत्या से पहले इलेक्ट्रिक शॉक देकर टॉर्चर क्या गया था. पुलिस ने हाल ही में इस मामले में धनराज नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो केबल वर्कर है. धनराज ने पुलिस को बताया कि, मामले के एक और आरोपी नंदीश ने उसे बेंगलुरु के एक गोडाउन में बुलाया, जहां उन्होंने रेणुकास्वामी को शॉक देने के लिए एक डिवाइस का इस्तेमाल किया. पुलिस ने ये डिवाइस भी बरामद कर ली है.

पुलिस ने बरामद की कार इंडिया टुडे द्वारा प्राप्त के फुटेज में रेणुकास्वामी को अगवा किए जाने से पहले के मोमेंट्स नजर आ रहे हैं. रिपोर्ट्स बताती हैं कि आरोपियों ने सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर रेणुकास्वामी को एक ऑटोरिक्शा में फॉलो करना शुरू किया. उनका एक साथी स्कूटर पर उन्हें फॉलो करता हुआ नजर आ रहा है. रेणुकास्वामी के अपहरण में शामिल एक कार को भी पुलिस ने संडे को बरामद कर लिया है. पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार. ये कार चित्रदुर्ग जिले में, अय्यनहल्ली गांव के अंदर एक घर के बाहर खड़ा किया गया था. आरोपियों में से एक रवि ने ये कार वहां छोड़ी थी. रवि के परिवार से पूछताछ के बाद, इस कार से कई चीजें बरामद की गईं.

जानकारी में बताया गया था कि रेणुका स्वामी का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने उसके शरीर पर गर्म लोहे की रॉड से दागे जाने के निशान पाए. डॉक्टरों ने बताया कि उसकी नाक, जीभ काट डाली गई थी और जबड़ा भी तोड़ कर अलग कर दिया गया था. इसके साथ-साथ पूरे शरीर पर अनगिनत हड्डियां टूटी हुई थीं.

## हजारीबाग जिले की डीसी नैसी सहाय ने सर्वाधिक पेंडिंग और रिजेक्ट करने वाले छह अंचल अधिकारियों को शोकॉज किया है

**हजारीबाग**। जमीन के म्यूटेशन और निंबधन को लेकर झारखण्ड सरकार सख्त है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की सख्ती के बाद हजारीबाग जिले की डीसी नैसी सहाय ने सर्वाधिक पेंडिंग और रिजेक्ट करने वाले छह अंचल अधिकारियों को शोकॉज किया है और दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है। इनमें बड़कागांव, सदर, बरही, कटकमदाग, बरकट्ठा और पदमा के अंचलाधिकारी शामिल हैं।

जिले के 16 अंचल में 12 जून तक कुल 199162 आवेदन पड़े है, जिसमें 90645 आवेदन पर विचार करते हुए म्यूटेशन का कार्य पूर्ण किया गया जबकि 6298 म्यूटेशन पेंडिंग में डाल दिए गए। इनमें 972 वैसे म्यूटेशन का आवेदन हैं जो 30 दिन का समय अवधि पार कर चुके हैं जबकि 74 आवेदन 90 दिन के समय अवधि को भी पार कर चुके हैं। पूरे जिले के सभी अंचलों में कुल 102238 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं।

बड़कागांव- 30 दिन से अधिक 69 आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं जबकि 90 दिनों से अधिक 303 लंबित हैं। यहां 668 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। अस्वीकृत मामले 47.12 फीसदी और दाखिल खारिज 45.59 फीसदी है।

सदर अंचल- 32102 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 30 दिनों से अधिक के 13 और 90 दिनों से अधिक के चार आवेदन लंबित हैं। अस्वीकृत 45.89 फीसदी है।

बरही अंचल- 6997 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 30 दिन से अधिक के 12 और 90 दिनों से अधिक के दो आवेदन लंबित हैं।

कटकमदाग अंचल- 17674 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं जबकि 30 दिन से अधिक 49 और 90 दिनों से अधिक का एक आवेदन लंबित पड़ा हुआ है। अस्वीकृति 56.66 फीसदी है।

बरकट्ठा अंचल- 5795 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 30 दिन से अधिक 485 और 90 दिनों से अधिक 236 आवेदन लंबित हैं। यहां अस्वीकृति का 36.61 फीसदी है।



पदमा अंचल- 2452 आवेदन अस्वीकृत किए गए जबकि 30 दिन से अधिक 14 और 90 दिनों से अधिक पांच आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। यहां अस्वीकृति का 40.76 फीसदी है।

इस मामले में डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि म्यूटेशन का मामला काफी दिनों से पेंडिंग है। जिला प्रशासन की कोशिश है कि जल्द से जल्द सारे मामलों का निपटारा हो। सरकार की तरफ से भी निर्देश है कि म्यूटेशन पेंडिंग न हो। जिला प्रशासन सकारात्मक रूप से मामले को देख रहा है। हाल ही में छह सीओ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## बकरीद त्यौहार के दौरान एकरा मस्जिद, डोरंडा मस्जिद, ईदगाह एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख मस्जिदों का भ्रमण किया



रांची// सुमित कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के द्वारा बकरीद त्यौहार के दौरान एकरा मस्जिद, डोरंडा मस्जिद, ईदगाह एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख मस्जिदों का भ्रमण किया गया तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# आजसू पार्टी राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक्टिव मोड में आ गयी




**रांची।** आजसू पार्टी राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक्टिव मोड में आ गयी है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। लोकसभा चुनाव के बाद अब यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में आने वाले समय को देखते हुए पार्टी ने रोड मैप तैयार किया है। सुदेश कुमार महतो पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। महतो ने कहा कि सबसे पहले तो गिरिडीह लोकसभा सीट के परिणाम के लिए पार्टी की ओर से 18-20 जून को अलग-अलग क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाली जाएगी। 22 जून पार्टी के लिहाज से ऐतिहासिक दिन है। 26 जून से जुलाई के अंत तक पार्टी के विधानसभावार ग्राम प्रभारी, जिला प्रभारियों का शपथ ग्रहण होगा।

20 जून को सभी विधानसभा क्षेत्रों में हुल दिवस का आयोजन होगा। आठ अगस्त को निर्मल महतो शहादत दिवस, नौ अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस और आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। 16 अगस्त से दो अक्टूबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा होगी। इसी दौरान हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 500 पौधे लगाए जाएंगे। इस तरह से पार्टी ने अभी से लेकर अक्टूबर तक का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है।

सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार का यह विदाई वर्ष है। क्योंकि, उसके वादे और दावे खोखले साबित हो चुके हैं। जाते-जाते सरकार फिर से मजाक करने में लगी है। नियोजन नीति, विस्थापन को लेकर वह केवल राजनीति करती रही है। ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आने की बात हुई। अब इससे संबंधित आयोग ने 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है।यह सब बिना किसी आंकड़े के हो रहा। आनन-फानन में आइवाश और मीडिया इवेंट के लिए यह हो रहा।

## सरकार आइपीएस रैंक के अफसर के तबादला की तैयारी में




**रांची।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखण्ड सरकार एक्शन में आ गयी है। बीते दिनों सीएम ने विधि व्यवस्था की समीक्षा के साथ-साथ अन्य विभागों की समीक्षा भी की। इस बीच सरकार आइपीएस रैंक के अफसर के तबादले की तैयारी में है। इसी सप्ताह कई जिलों के एसपी के अलावा डीआइजी और आइजी रैंक के अधिकारियों का भी तबादला किया जायेगा। सरकार की ओर से विधानसभा चुनाव से पहले किये जाने वाले तबादले की चर्चाओं के बीच अभी से कई अधिकारियों ने अपने लिए एप्रोच लगानी भी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक प्रमोटी आइपीएस अधिकारियों को और भी जिलों का जिम्मा मिल सकता है। वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों में से प्रमोटी आइपीएस अधिकारियों के पास 11 जिलों की जिम्मेदारी है। डायरेक्ट आइपीएस अफसर के जिम्मे 13 जिलों की कमान है। वर्तमान में झारखंड पुलिस में डायरेक्ट आइपीएस के 42 एसपी रैंक के अधिकारी हैं। वहीं स्टेट पुलिस सर्विस के 29 अधिकारी एसपी रैंक है। झारखंड सरकार राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर गंभीर है। ऐसे में बेहतर परिणाम नहीं देने के वाले कई आइपीएस अफसर बदले जायेंगे। ऐसे अधिकारियों के काम की समीक्षा की जा रही है। जिले में कप्तान बदलने के लिए अपराध का ग्राफ भी देखा जा रहा है। लगातार बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तेज तर्रार आइपीएस अधिकारियों को जिम्मा सौंपने पर भी मंथन चल रहा है।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ मुरी ने ट्रेन से शराब किया ज़ब्त



रांची मंडल में कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों तथा ट्रेनों में औचक निरिक्षण लगातार जारी है उसी क्रम में आरपीएफ मुरी साथ में फ्लाइंग टीम रांची मुरी रेल्वे स्टेशन पर गुप्त निगरानी के क्रम में एक व्यक्ती को भारी पिट्ठु बैग के साथ जल्दीबाजी में गाड़ी संख्या 12366 में उठने के लिए भागते पाया, संदेह होने पर उसे रोककर उससे नाम पूछा जिसपर उसने अपना नाम अमृत कुमार उम्र 21 वर्ष, पता दनियावा, पटना बताया तथा उसके बैग चेक करने पर उसमें 48 बियर की बोतलें क़ीमत अनुमानित 5000 रुपये पाई गई जिसके बारे मे उसने खुलासा किया कि उन बोतलों को बिहार लेकर जा रहा था ऊँची कीमतों पर बेचने के लिए। मौके पर उक्त बोतलों को ज़ब्त कर व्यक्ती को गिरफतार किया गया जिसे अगले दिन आबकारी विभाग/रांची को सौंप दिया जाएगा।

# जेएसएससी जेइ परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया, पोस्टिंग नहीं



**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से जेएसएससी जेइ परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है, लेकिन अब तक उनकी पोस्टिंग नहीं की गयी है। इनमें कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी पुरानी नौकरी इस नौकरी के कारण छोड़ दी, लेकिन अब यहां भी उनके हाथ कुछ नहीं लग पा रहा है। इस कारण सफल अभ्यर्थी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह खुद को विवश महसूस कर रहे हैं। 7 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सभी सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटा। जिन लोगों की बहाली हुई है, उनकी पोस्टिंग अब तक नहीं हो पायी है।

पुरानी नौकरी छोड़ दी, नये में पोस्टिंग नहीं सफल अभ्यर्थियों ने बताया कि 7 मार्च को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 18 और 19 मार्च को उन्हें डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए बुलाया गया। नियुक्ति पत्र की लिखी शर्तों के अनुसार अभ्यर्थियों को पिछली जॉब से त्यागपत्र का प्रमाण पत्र भी जमा करने को कहा गया था। अभ्यर्थियों ने आनन-फानन में अपनी वर्तमान नौकरी से त्यागपत्र दिया और पिछली कंपनी के शर्तों के अनुसार एक से दो महीनों का वेतन भी कंपनी को वापस करना पड़ा। इनमें कुछ का तो यह हाल है कि उनका घर चलाना भी मुश्किल हो गया है।

1256 जूनियर इंजीनियरों को दिया गया नियुक्ति राज्य सरकार ने जेएसएससी की ओर से अनुशंसित 1256 जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति विभिन्न विभागों में की है। जल संसाधन विभाग ने 362 और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने 136 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं का योगदान लेकर उनकी पदस्थापना कर दी है, लेकिन पथ निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग में नियुक्त किये गये इंजीनियर परेशान हैं।

## तस्करी के लिए डोडा ले जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**रांची :** तस्करी के लिए डोडा ले जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर नगड़ी थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच बोरी डोडा जब्त किया है। वहीं इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सुलेमान है. जबकि इसमें शामिल एक व्यक्ति फरार हो गया है. फरार व्यक्ति का नाम दयाल है। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसएसपी ने बताया कि रविवार को नगड़ी इलाके में दो बाइक के पीछे बोरी में बांध कर दो व्यक्ति डोडा लेकर जा रहे थे । मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई. दोनों बाइक को पुलिस बल के सहयोग से रोकने का इशारा करने पर एक बाइक सवार व्यक्ति अपनी बाइक को बोरी सहित छोड़ कर भाग गया. दोनों बाइक पर कुल पांच बोरी डोडा लदा हुआ था. पांच बोरी डोडा का कुल वजन 80.700 किलोग्राम है।

## झारखंड में बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**रांची।** बकरीद को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सोमवार को ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल बकरीद को लेकर एकरा मस्जिद, डोरंडा मस्जिद, ईदगाह एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख मस्जिदों का भ्रमण कर विधि व्यवस्था में तैनात प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जबकि हिंदपीढ़ी इलाके में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए रविवार रात से ही कैंप कर रहे हैं। साथ ही मस्जिदों और ईदगाहों पर तैनात जवानों को तैनाती स्थल पर रहने और कई दिशा निर्देश दिए।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है, इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है, अगर कहीं से भी आपातकालीन व्यवस्था करनी होगी तो वहां दस्ता तुरंत मूव करेगा। इस बार पूरी राजधानी पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । इनकी निगरानी के लिए 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। रांची एसएसपी ने कहा कि अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के त्योहार ईद- उल-अजहा के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय की ओर पूरे राज्य में सुरक्षा- व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं । ईद-उल-अजहा को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त जवानों के साथ साथ रैफ, बम निरोधक दस्ता की तैनाती की गयी है। सुरक्षा को लेकर 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स, पांच कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी आरएएफ, 5000 होमगार्ड के जवान की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी जोन के आईजी और डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है, इन जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स को लगाया गया है।

## मोदी के नाम पर हैसियत बढ़ने और किस्मत चमकने का सपना देख रहे भाजपा

***रांची ।*** *मोदी के नाम पर हैसियत बढ़ने और किस्मत चमकने का सपना देख रहे भाजपा और बाबूलाल मरांडी को झारखंड की जनता ने जमीन पर ला पटका। 10 वर्षों से बहुमत की सरकार चलाने वाली भाजपा 38 दलों के साथ गठबंधन की सरकार चलाने में पस्त है और बाबूलाल मरांडी बातें कांग्रेस की हैसियत की कर रहे हैं।*

*उक्त पलटवार प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बाबूलाल मरांडी के जवाब में किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को 15 लाख देने का झांसा देकर भाजपा ने 10 वर्षों तक इस देश में शासन किया। उनके आका मोदी जी ने देश में उद्योगपतियों और अधिकारियों के संगठित समूह को संरक्षण प्रदान कर तानाशाही रवैये से शासन किया जिसका जवाब जनता ने दिया और उन्हें घुटनों पर ला दिया और उन्हें संविधान के ताकत की पहचान करा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों की बात करती है और जनता ने पूरे चुनाव में सारी बातों को देखा सुना और फैसला किया। लोकसभा चुनाव में नफरती भाषणों का दौर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाया गया, संविधान बदलने के नाम पर वोट भाजपा के नेताओं ने मांगा, ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना के नाम पर भाजपा चुप्पी साधे रही, जनता ने उनके मंशो को समझ लिया था। भाजपा हमेशा एक छुपे एजेंडे पर काम करती है उसके नेताओं के साथ 'मुख में राम और बगल में छुरी' वाली कहावत सार्थक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि जनता समझ रही थी कि भाजपा फिर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए चुनाव में धर्म का व्यापार करने में लगी है इसलिए सिर्फ अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता ने चुनाव में धर्म के प्रवेश को बंद कर मूल मुद्दों को सामने रखा जिसके कारण भाजपा की इतनी बुरी हालत हो गई है। उन्होंने कहा जनता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की बातों और घोषणाओं पर पूरा भरोसा जताया लेकिन हम चंद कदम पीछे रह गए। जनमत का सम्मान है, संसद में जनता की आवाज इंडिया गठबंधन के सांसद मजबूती से बनेंगें। तानाशाह के फैसले अब लागू नहीं होंगे। 'मजबूर सरकार के सामने मजबूत विपक्ष' है।*

## प्रमोद प्रसाद गुप्ता बने पुनः लोकहित अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष



**रांची।**

लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश नेतृत्व के द्वारा पिछले दिनों 13 जून को मोराबादी स्थित संस्कार होटल में पार्टी का समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश और जिला कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था। जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद के कुशल नेतृत्व में पिछले 1वर्ष के कार्यकाल में गांव-गांव न्याय यात्रा और रांची लोकसभा चुनाव सहित पार्टी संगठन के निमित्त पार्टी के नीति सिद्धांतों को गांव-गांव तक ले जाने का सफल प्रयास को देखते हुए पार्टी ने फिर एक बार प्रमोद प्रसाद गुप्ता जी को रांची जिला अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर प्रमोद प्रसाद गुप्ता जी को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, पूर्व कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपूजन ठाकुर, कार्यकारी पूर्व अध्यक्ष गणेश साहू, अंजू लिंडा, संजय लोहरा,जिला संयोजक जुल्फान अंसारी, जिला कार्य समिति सदस्य धनंजय कुमार, नगड़ी प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार, मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति द्वारा प्रमोद प्रसाद जी को माला पहनकर नए कार्यकाल के लिए शुभकामना के साथ बधाई दिए।

## ठेकेदार की मनमानी नहीं हुआ काम पूराः4 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना का होना था विस्तार



***जामताड़ा ।*** *जामताड़ा जिले के मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र में करीब 4 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना का विस्तार किया जा रहा है। योजना के तहत अजय नदी में बने पंप हाउस को निर्बाध गति से संचालित करने के लिए लगभग 25 लाख रुपये की लागत से जनरेटर सेट भी 6 महीने पहले लगा दिए गए है। दो दिन पहले तेज आंधी बारिश के कारण जब बिजली आपूर्ति बाधित हुई तो शहर में पानी सप्लाई की भी किल्लत हो गयी। यहां तक कि सोमवार को बकरीद पर्व के मौके पर भी पानी आपूर्ति के लिए तरसते रहे। आनन फानन में नगर परिषद मिहिजाम की ओर से सुबह 15 टैंकर पानी की आपूर्ति विभिन्न इलाकों में किया गया। बताया जा रहा है कि सालवी कंस्ट्रक्शन को जलापूर्ति विस्तार योजना का ठेका दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेका कम्पनी के मनमाने रवैये के कारण जलापूर्ति योजना बाधित हो रही है। झारखंड जनसेवा पार्टी के सुप्रीमों राकेश लाल ने कहा कि ठेका कम्पनी पर नगर परिषद मिहिजाम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का वरदहस्त रहने के कारण आज 6 महीने से पम्प हाउस के पास रखे जनरेटर को सेट नही किया जा सका है। इन्हें सिर्फ टेंडर कर कमीशन लेने भर की जल्दी रहती है लेकिन आम लोगों की तकलीफों का कोई ख्याल नही रहता है। जल्दी ही समस्या नही सुधरी तो हमारी पार्टी आंदोलन करने के लिए प्रस्तुत होगी।*

## ईद उल अजहा के अवसर पर राजधानी के ईदगाहों, मस्जिदों में अदा की गयी नमाज



**रांची।** ईद उल अजहा के अवसर पर राजधानी के ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गयी. नमाज अदा कर देश और राज्य की खुशहाली, अच्छी बारिश, अमन-चैन के लिए अल्लाह पाक से दुआ की गयी. नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी । अपने-अपने घरों में कुर्बानी दी गयी ।बकरीद के अवसर पर एक दूसरे से मिलने का सिलसिला दिन भर चलता रहा । बकरीद को देखते हुए रांची पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क रही । रांची के तमाम स्थानों पर आज सुबह 5 बजे से ही पुलिस बल अपनी ड्यूटी संभाल चुके थे, जो देर रात तक जारी रही. सुबह से मौसम का मिजाज साथ रहा. हल्की धूप में ईदगाहों में नमाज अदा की गई ।रांची हरमू ईदगाह में मौलाना डॉ असगर मिस्बाही ने नमाज पढाई, तो डोरंडा ईदगाह में मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली ने नमाज पढ़ाई. हववारी मस्जिद में शहर काजी मुफ्ती क़मर आलम कासमी ने नमाज पढ़ाई, तो मस्जिद जाफरिया में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने नमाज पढ़ाई। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर पुलिस के द्वारा रखी जा रही है ।रांची पुलिस के द्वारा एक दिन पूर्व ही यह संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**दो हजार पुलिस जवान तैनात**

दो हजार जवान बकरीद को देखते हुए राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ-साथ ड्रोन की टीम को भी तैनात किया गया है । थाना प्रभारी नमाज के वक्त अपने-अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे। बकरीद को लेकर राजधानी रांची में दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई है ।खासकर वैसे ही इलाके जहां बकरीद के समय पूर्व में सामाजिक सौहार्द बिगड़ा था ।

## महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए योग के फायदे के बारे में बताया





**रजरप्पा।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा आयोजित योग शिविर के पहले दिन करीब 200 लोग शामिल हुए। सोमवार की सुबह 5:00 बजे महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए योग के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा की लोग दवा लेने तब जाते हैं, जब कोई बीमारी होती है। लेकिन योग करने से शरीर निरोग रहता है। उन्होंने सभी सीसीएल कर्मियों तथा रजरप्पा प्रोजेक्ट कॉलोनी के निवासियों को प्रोत्साहित किया की ज्यादा से ज्यादा की संख्या में योग शिविर में शामिल हों। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी आशीष झा ने बताया की योग करने से तनाव कम होता है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, और मनोबल बढ़ता है। यह योग प्रशिक्षण शिविर कर्मचारी कल्याण के प्रति सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे एक स्वस्थ और प्रेरित कार्यबल का निर्माण होता है। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा आयोजित इस योग शिविर में प्रशिक्षण देने हेतु पतंजलि परिवार से योग गुरु अमित कुमार अपने टीम के साथ आए हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में मंत्री रामेश्वर उरांव ने की पूजा, रथ मेला तैयारियों का लिया जायजा



**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राजधानी रांची के धुर्वा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में सोमवार को पूजा अर्चना की। आगामी रथ मेला की तैयारियों की समीक्षा भी की। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान जगन्नाथ से अच्छी बारिश के लिए भी प्रार्थना की है, ताकि किसानों सहित आम जन जीवन को भी राहत मिल सके। साथ ही कहा कि इस बार भी रथ मेला पुरानी परंपरा और भव्यता के साथ आयोजन हो रहा है। इसे लेकर सरकार की ओर से सभी आवश्यक सहयोग किया जायेगा। रथ यात्रा का धार्मिक महत्व के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व भी है।

सात जुलाई को आयोजित रथ यात्रा सह मेला में राज्य के कोने-कोने से श्रद्धालु आयेंगे। मंत्री ने रथ मेला की तैयारियों को लेकर हो रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वे खुद पहली बार 1974 में जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए थे। इसके बाद लगातार कई अवसरों और परिचितों के शादी विवाह कार्यक्रम में यहां आने का मौका मिलता रहा। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलरामए और सुभद्रा से राज्यवासियों की खुशहाली की कामना भी की।

पूजा अर्चना के बाद मंत्री रामेश्वर उरांव ने रथ यात्रा की तैयारी में लगे स्थानीय कारीगरों से भी मुलाकात की। हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। निर्माण हो रहे रथ के कार्यों पर भी संतोष जाहिर किया। मौके पर आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता ने भी विधिवत मंत्रोच्चार और विधि विधान से भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

## दो अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार

***गिरिडीह ।*** *गिरिडीह के बगोदर पुलिस ने अलग-अलग मामले में 2 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने माओवादी के नाम पर लेवी वसूलने के आरोप में एक अपराधी को पकड़ा है। बताया जाता है कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी माओवादी से जुड़े व्यक्ति हैं, जो माओवादी के नाम से लेवी वसूलते हैं। साथ ही वह लेवी वसूलने एवं आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने के उद्देश्य से बगोदर के गैडा-संतरुपी जंगल के आस-पास में बाइक पर सवार होकर घूम रहे हैं। सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु एसपी के निर्देश पर सरिया-बगोदर एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व मे एक टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा संतुरपी जंगल में पुलिस पार्टी को देख भाग रहे अपराधियों में से एक अपराधी को खेड़कर कर पकड़ लिया गया। जिसके पास से पुलिस ने माओवादियों से संबंधित पर्चा एवं एक मोबाईल फोन बरामद किया है। पकड़े गए अपराधी हजारीबाग के टाटीझरिया निवासी चुन्नू लाल मुर्मू पिता फिनीलाल मांझी है। इसके अलावा बगोदर पुलिस ने थाना क्षेत्र में हो रहे चोरी की रोकथाम को लेकर एक विशेष अभियान चलाकर एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बगोदर थाना अंतर्गत बगोदरडीह में एक चोर चोरी करने के प्रयास में पकडा गया है।*

## दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी, पुलिस जवान सहित 3 दर्जन लोग घायल



बोकारो : सुत्रों से पता चला कि बोकारो में दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी की घटना सामने आ रही है। घटना बोकारो के भरा बस्ती विकास नगर की बताई जा रही है जहां दो पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया और पत्थरबाजी शुरु हो गई।इस घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। इसके साथ ही इस पत्थरबाजी में करीब एक दर्जन से अधिक पुलिस बल जख्मी हुए हैं।

दो भैंसों के मरने का मामला

जानकारी के मुताबिक मामला विद्युत आपूर्ति के दौरान पोल समेत तार गिरने से दो भैंसों के मरने का बताया जा रहा है। जिसके बाद मामला काफी बढ़ गया और तनावपूर्ण स्थिति बन गई। जिसके बाद दोनों तरफ से पत्थरबाजी शुरु हो गई।

दर्जनभरपुलिस के जवान भी घायल

घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पत्थरबाजी शुरु कर दी। जिसने करीब दर्जनभर पुलिस के जवान भी घायल हुए हैं। घटना में जिसमें सिटी डीएसपी भी घायल हो गए हैं। घटना के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गई है। मौके पर कई पुलिस अधिकारी भी पहुंच चुके हैं। इलाके में अभी भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस इलाके में कैंप कर रही है।

# रात को जब्त अवैध कोयला लदा ट्रक सुबह गायब, ओपी प्रभारी निलंबित

**धनबाद**। झारखण्ड का धनबाद जिला का भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार को रविवार की शाम को सिटी एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया। भागाबांध ओपी क्षेत्र के बरारी कोक प्लांट शिव मंदिर के नजदीक छापामारी कर एक ट्रक को जब्त किया गया था, जिसमें अवैध कोयला लदा था। उसे भागाबांध ओपी को सौंप दिया गया था। लेकिन सोमवार की सुबह में ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गयी, जिसके बाद घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को मिलते ही कार्रवाई की गयी। सिटी एसपी ने ओपी प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। हालांकि ऐसा करने से पहले सिटी एसपी की पहल पर पूरी घटना की जांच की गयी, जिसमें भागाबाध ओपी के कार्य में लापरवाही दिखी। इसके बाद कार्रवाई की गयी। लोगों की मानें तो बरारी कोक प्लांट शिव मंदिर के निकट रंजीत आर्य एवं उसके सहयोगी मिल कर कोयल का अवैध कारोबार कई सालों से चला रहे हैं। कथित रूप से प्रशासन एवं मीडिया को मैनेज कर कोयले का अवैध धंधा निर्भीक होकर चलाया जा रहा है। कई बार छापामारी भी की गयी, लेकिन इसे कौन चला रहा है इसका पता नहीं चल पाता है। प्रशासन भी इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देता और गाड़ी पर केस कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है। आरोपी खुलेआम अपने काम को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी ओर, रविवार की देर रात भाटडीह ओपी क्षेत्र के हीरक रोड पर पुलिस मुख्यालय ने दबिश देते हुए बड़ी कार्रवाई की। सूत्रों की मानें तो कोयले की अवैध खरीद बिक्री की शिकायत पर पुलिस मुख्यालय रांची से आयी टीम ने भाटडीह ओपी क्षेत्र समेत जिले के आधा दर्जन इलाकों में छापामारी अभियान चलाया। इस कड़ी में भाटडीह में संचालित अवैध खदानों से खनन कर रखे कोयले को हीरक



रोड पर खड़ी ट्रकों में लादा जा रहा था। हालांकि छापामारी के दौरान पुलिस को देखते ही मजदूर, चालक और तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। वहीं टीम ने छापामारी कर वहां से तीन ट्रकों को 60 टन कोयलाÑ जब्त कर लिया। जिसे भाटडीह ओपी प्रभारी को सौंप दिया गया। ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह ने वरीय पुलिस के आदेशानुसार कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक, मालिक एवं आधा दर्जन अज्ञात कोयला तस्करों के खिलाफ कांड संख्या 46/2024 भादवि की धारा 414/13, 421 एमएमडीआर एक्ट 7/9/13 माइंस एंड मिनीरल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया हैं। बताते चलें कि उक्त कार्वाई से कोयला तस्करो में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस मुख्यालय द्वारा अचानक की गयी इस कारवाई से स्थानीय प्रशासन समेत सीआईएसएफ, माइनिंग, वन विभाग पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं कि इतने बड़े पैयमने पर चल रहे अवैध कोयला कारोबार पर जिले के संबंधित विभाग कारवाई क्यों नहीं किया। अफसर आखिर क्यों नहीं कार्रवाई करते।

## कोयलांचल में बकरीद शांतिपूर्ण संपन्न,मुस्लिम परिवार और समाज के लिए मांगी दुआएं



**धनबाद**। सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद.उल. अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। सुबह में बड़ी संख्या में इस्लामिक धर्मावलंबियों का मस्जिदों व ईदगाहों में जुटान हुआए जहां सभी ने मिलकर नमाज अदा की और अपने परिवार और समाज के लिए अमन चैन व सलामती की दुआएं मांगी। धनबाद रेलवे ग्राउण्ड में मुफ्ती ने सभी को नमाज अदा कराया। सबजी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। समाजसेवी सोहराब खान ने बताया कि यह हजरत इब्राहिम की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है।

अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे। इसके अलावा शहर के पुराना बाजारए नाया बाजारए वासेपुरए भूलीए झरियाए सिंदरीए कतरासए मधुबनए निरसाए गोमो में मस्जिदों व ईदगाहों में नमाजियों ने नमाज अदा की। बाघमारा व मधुबन में बकरीद सौहार्द के साथ मनाई गईण् मधुबनए फुलारीटांड़ए खरखरी स्थित ईदगाह मैदानए बांसजोड़ाए माथाटांड़ए बुदौराए महेशपुरए सिनीडीह आदि जगहों के मुस्लिम समाज के लोगों ने जामा मस्जिद खरखरी में नमाज अदा की। इमाम मौलाना मुर्शीद आलम ने नमाज पढ़ाई। इसके बाद लोगों ने एक.दूसरे से गले मिल कर बकरीद की मुबारकबाद दी।

वहीं लोयाबाद इलाके में ईद.उल. अजहा का त्योहार शांति व सद्भाव के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह में क्षेत्र के ईदगाहों व मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की। नमाज के बाद बकरे की कुबार्नी दी गई। लोयाबाद 5ए 6ए7 नंबर व पवार हाउस ईदगाह तथा निचितपुर मस्जिद में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।

## साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के चारों तरफ 500 मीटर में अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी

सिजुआ क्षेत्र-5 अंतर्गत बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना में साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के चारों तरफ 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी

धनबादःसिजुआ क्षेत्र के लोयाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना के रैयतों का मुआवजा एवं नियोजन को लेकर साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के विरुद्ध आहुत बंदी/ अनिश्चितकालीन चक्कर जाम कल दिनांक 18 जून 2024 को बुलाया गया है। जबकि उक्त कंपनी में वर्तमान में कार्यरत कुछ व्यक्तियों के द्वारा उक्त बंदी का विरोध किए जाने की सूचना है। दोनों पक्ष (नियोजन मांगने वाले एवं वर्तमान में कार्यरत) अपने-अपने मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की पूर्ण संभावना है ।

इसको देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद, उदय रजक द्वारा शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोयाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजुआ क्षेत्र-5 अंतर्गत बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना में साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के चारों तरफ 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी किया गया है।

इस निषेधाज्ञा के जारी होने के उपरांत उपयुक्त क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना किसी प्रकार का धरना, रैली, सभा, प्रदर्शन, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने, हरवे, हथियार एवं अग्नियास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, कंपनी के पदाधिकारी एवं कर्मियों प्रतिष्ठान के कार्य से आने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा इसी प्रकार विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थान में आने-जाने या व्यक्तियों के उक्त क्षेत्र से होकर अन्य कार्यों में आने-जाने अथवा उक्त क्षेत्र से शव यात्रा वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जाने वाले लोगों पर किया प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

इसी प्रकार यह प्रतिबंध सिखों के कृपाण धारण, नेपालियों के खुखरी धारण करने पर भी लागू नहीं होगा।

# सावन से पहले सौगात, बाबा धाम से काशी विश्वनाथ धाम के बीचे चलेगी वंदे भारत, बिहार को भी फायदा

**देवघरः** सावन शुरू होने से पहले संथाल परगना वासियों को एक और सौगात मिलने जा रही है. एक तीर्थ स्थल से दूसरे तीर्थ स्थलों को जोड़ने के लिए वंदेभारत ट्रेन शुरू होने वाली है । बाबा बैद्यनाथ धाम से काशी विश्वनाथ धाम के लिए वंदे भारत ट्रेन शुरू की जाएगी ।यह ट्रेन देवघर से खुलेगी और गया होते हुए बनारस जाएगी। संभावना है कि सावन से पहले इस ट्रेन को शुरू कर दिया जाएगा ।इस वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ पीएम मोदी कर सकते हैं.गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि बैद्यनाथ धाम से काशी विश्वनाथ धाम तक वाया गया होते हुए सावन से पहले नई वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होने वाला है. यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है, जो कहा वही सत्य, शिव और सुंदर है. यह ट्रैन तीन तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली है. बाबा बैद्यनाथ मंदिर, गया का विष्णु मंदिर और बनारस का काशी विश्वनाथ मंदिर।

**अब बनारस जाना आसान**

मिली जानकारी के अनुसार, वंदेभारत ट्रेन का परिचालन सावन मास से पहले शुरू होने वाला है ।देवघर स्टेशन से



यह ट्रेन खुलेगी और गया होते हुए बनारस तक जाने वाली है ।हालांकि, इस ट्रेन का अभी तक समय और किराया निर्धारित नहीं है । लेकिन, जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह पहली ट्रेन होगी जब देवघर से बनारस के लिए सीधी ट्रेन रहने वाली है।

## शिवराज-सरमा के मार्गदर्शन में बनेगी मजबूत सरकारः बाबूलाल

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा सह प्रभारी बनाये गये हैं। प्रदेश भाजपा ने इनका स्वागत और अभिनंदन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दोनों नेता अनुभवी, परिश्रमी और कुशल संगठनकर्ता हैं। श्री मरांडी ने कहा कि शिवराज सिंह और हेमंत विश्व सरमा ने झारखंड के लोकसभा चुनाव में भी खूब पसीना बहाया है। तपती गर्मी में कई सभाओं को संबोधित किया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इनके अनुभवों, कार्य कुशलता और प्रत्यक्ष मार्गदर्शन का लाभ पार्टी को मिलेगा। चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के मार्गदर्शन में भाजपा प्रदेश की भ्रष्ट, निकम्मी ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकते हुए प्रदेश में मजबूत डबल इंजन सरकार बनायेगी। नेता प्रतिपक्ष



अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। जनता लोकसभा चुनाव में ही इंडी एलायंस को सबक सीखा चुकी है। शिवराज और हेमंत विश्व सरमा के मार्गदर्शन में पार्टी रिकॉर्ड मतों से प्रदेश में सरकार बनायेगी। स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# तरंगा में ईद उल अजहा की नमाज अदा की, लोगों ने अमन और चैन की दुआए किए

**चान्हो** : थाना क्षेत्र स्थित तरंगा ईदगाह में सुबह 7:00 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। यहां हजारों की संख्या में लोगों ने मौलाना के नेतृत्व में नमाज अदा किया। नमाज से पहले मौलाना इरफ़ान ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि आज पूरा देश बकरीद मना रहा है, इस्लाम धर्म का यह दूसरा सबसे बड़ा त्यौहार है।उन्होंने बताया कि पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्लाम ने अल्लाह के हुक्म से हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम को अल्लाह के राह में कुर्बान करने का हुक्म हुआ ख्वाब में बेटे को कुर्बान करने के लिए अल्लाह ने अपने खलील इब्राहिम के ईमान जानते हुए इम्तहान ले रहें थे। उस इम्तहान में कामयाब हो गए और उसके जगह एक जन्नत की मेंढे/दूंबे को तब्दील कर दिया और उसी की कुर्बानी हो गई तभी से ए हज़रत इब्राहीम हज़रत हाजरा और हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम की यादगार में हज और कुर्बानी बकरीद की परंपरा चली आ रही है। और यह कुर्बानी सभी धर्मो में मनाई जाती है सबका अपना अपना तरीका है लेकिन कुर्बानी सभी समाज के लोग मनाते हैं।

वहीं ईदगाह में नमाज अदा करने पहुंचे युवाओं ने कहा कि इस देश में सभी धर्मो के मानने वालों ने अपने अपने तरीका से कुर्बानी के त्यौहार मनाते हैं। लोगों को यही संदेश देते हैं कि कुर्बानी का मतलब सभी दुखों शिकायतों को कुर्बान करना होता है. आने वाले दिनों में प्यार मोहब्बत से रहना ही कुर्बानी का सही महत्व है।







## फायरिंग में एक व्यक्ति के घायल



*धनबाद : धनबाद के घनुडीह में सोमवार की दोपहर गोली चलने की सूचना है. फायरिंग में एक व्यक्ति के घायल होने की भी बात कही जा रही है. उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद के SNMMCH में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार कुजामा एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग होने पर पत्थर का एक टुकड़ा उड़ कर आसपास के घरों में चला गया । उसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए. प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया. काफी संख्या में भीड़ जुट गई. इस दौरान फायरिंग भी होने की सूचना है. फायरिंग किसने की, क्यों की ,इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है. स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है ।पुलिस पहुंच गई है ।कोयलांचल में ब्लास्टिंग का ग्रामीण विरोध करते है ।ब्लास्टिंग में उड़े पत्थर की वजह से ही फायरिंग की घटना हुई है. खबर अपडेट की जा रही है।सांसद ढुल्लू महतो पहुंचे हुए है घनवाडीह।*

## प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का संचालन





आज गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर सिंदरी के प्रांगण में परम पूज्य गुरुदेव एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी के सूक्ष्म संरक्षण में नवनिर्मित सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की त्रिदिवसीय (15-17 जून) प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का संचालन एवं समापन शांतिकुंज हरिद्वार से आयें हुए प्रतिनिधि द्वारा हुआ। इस पूरे कार्यक्रम 700 से अधिक श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से लाभान्वित हुए। विद्यारंभ संस्कार, दीक्षा संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, नामकरण संस्कार संपन्न हुए। गायत्री महायज्ञ और दीप यज्ञ के साथ-साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम में पंचतत्व चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 90 से अधिक रोगियों ने इलाज कराया।

## धनबाद जिले के घनुवाडीह थाना क्षेत्र में चली गोली से एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि कई चोटिल



**धनबाद**। कुजामा एटी देव प्रभा आउटसोसिंग में ब्लास्टिंग में पत्थर का टुकड़ा उड़कर आसपास के घरों में जाने के बाद ग्रामीण आक्रोशित होकर प्रवंधक से वार्ता करने पहुंचे थे जिसके बाद माहौल बिगड़ गया और एक को गोली लग गई जबकि कई लोग घायल हो गए। जानकारी देते हुए घायल जग्गू ने बताया कि आउटसोर्सिंग से अक्सर पत्थर उड़कर घर में आते हैं।कई बार इसकी शिकायत प्रबंधन से की गई है बावजूद इस पर रोक नहीं लग पा रही है ।

# लॉयन्स क्लब ऑफ धनबाद सवेरा ने निर्जला एकादशी पर करीब 500 राहगीरों के बीच लस्सी,काला चना, केला का वितरण किया

**धनबाद** : लॉयन्स क्लब ऑफ धनबाद सवेरा द्वारा आज यहां धनसार मोड़ पर निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर करीब 500 राहगीरों के बीच कच्ची लस्सी, काले चने व केले का प्रसाद वितरित किया गया।वितरण का कार्यक्रम काफी देर तक चला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन नंद किशोर बगाडिया सागर दत्त शर्मा,आर पी सिंह,प्रमोद रिटोलिया,दिनेश पूरी,अनिता शर्मा,शशि पूरी,शीतल,अंकुर बगाडिया,हरदयाल सिंह धींगरा, अमलेश सिंह व अम्बुज रिटोलिया की भूमिका अहम रही।



# डायलिसिस के लिए मरीज को संस्था के द्वारा रक्त उपलब्ध कराई गई

धनबाद एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) अस्पताल में भर्ती मरीज बिनोद चौहान उम्र 35 वर्ष के डायलिसिस के लिए डॉक्टर ने तत्काल ए पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा 1 प्रचंड गर्मी के कारण सभी ब्लड बैंकों में ब्लड की भारी कमी देखने को मिल रही हैं जिसके कारण मरीज बिनोद चौहान को भी रक्त मिलने में बहुत परेशानी आ रही थी फिर कुछ देर बाद इसकी सूचना संस्था के सक्रिय सदस्य राकेश चौहान ने संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को दिया जिसपर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर के प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया फिर थोड़ी ही देर में सारी प्रक्रियाओं को पूरा कर मरीज के लिए ए पॉजिटिव रक्त प्रदान कर दी गई 1




## कांग्रेस पार्टी से पंकज महतो को प्रत्याशी बनाया जाए : नौशाद

*रजरप्पा। दुलमी प्रखंड के ग्राम प्रियातु में युवाओं की बैठक हुई. जिसमें किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो को रामगढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाए. पंकज महतो लगातार 12 वर्षों से पूरे रामगढ़ व आसपास के जिलों में बहुत सारे जन आंदोलन किये है, समाज सेवा में उनकी अच्छी भागीदारी रहती है जिसको लेकर आसपास के युवाओं में काफी लोकप्रिय है जमात की राजनीति करते हैं इनके द्वारा किए गए कार्य बहुत अच्छे है जमीन बचाने को लेकर आंदोलन करते रहते हैं. मौके पर तस्लीम अंसारी, सद्दाम हुसैन, निजाम अंसारी, मकबूल अंसारी, मोदासर अंसारी, एहसान मंत्री, तबारक अंसारी, सलीम अंसारी, प्रिंस आलम, असलम अंसारी, मंजूर अंसारी, आजाद अंसारी, रिकी अंसारी आदि उपस्थित थे.*

## झरिया में ग्रामीण और कंपनी कर्मचारियों के बीच झड़पः धनुआडीह में ब्लास्टिंग के बाद घरों पर गिरे पत्थर, उग्र हुए ग्रामीण

**धनबाद** । झरिया में ग्रामीण और कंपनी कर्मचारियों के बीच झड़प धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र के धनुवाडीह में जमकर लाठी, डंडे और गोलियां चलीं। जिसमें 4 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग के दौरान आसपास के घरों में पत्थर जा गिरा। जिसके बाद स्थानीय लोग उग्र होकर आउटसोर्सिंग कंपनी पर धावा बोल दिया। वहीं आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी और स्थानीय लोगों में जमकर मारपीट हुई। इस झड़प में चली गोली से एक व्यक्ति को गोली भी लगी है।

# रांची समेत अन्य जिलों में बारिश से मिली राहत

**रांची** : झारखंड में अभी मानसून के आने के कोई खास संकेत नहीं मिले हैं। लेकिन अच्छी बात ये है कि मानसून के आने से पहले ही राजधानी रांची समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई है। इस बारिश से मौसम एकदम सुहाना हो गया है। रविवार की रात को रांची के कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई और सोमवार की सुबह ठंडी हवा चलने लगी। आसमान में बादल छाए हुए हैं। सुबह में रांची और आसपास के इलाके में अच्छी बारिश भी हुई। संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल में भी रविवार की देर रात को अच्छी बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। रांची समेत कई जिलों में सोमवार की सुबह आसमान में बादल दिखाई दिए। सुबह 7 बजे के बाद कुछ देर के लिए सूरज निकला, लेकिन फिर बादलों के पीछे छिप गया। सुबह कुछ इलाकों में बारिश और ठंडी हवा चलने से लोगों ने राहत की सांस ली। रांची सहित झारखंड के लगभग 6 जिलों का सबसे ज्यादा तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है।

# राजस्थान के पाली जिले में दो लड़कियां जैतपुर पुलिस थाने पहुंचीं और आपस में शादी करने की इच्छा जताई




**राजस्थान के पाली जिले में दो लड़कियां जैतपुर पुलिस थाने पहुंचीं और आपस में शादी करने की इच्छा जताई। उन्हें परिवार और समाज का दबाव झेलना पड़ रहा है। 20 और 25 वर्षीय पड़ोसी लड़कियों की शादी की गुहार पर पुलिस ने समझाइश की है। दोनों को फिलहाल सखी सेंटर में रखा गया है।**

**पालीः** राजस्थान के पाली जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक लड़की को दूसरी लड़की से प्यार हो गया। दोनों लंबे समय से एक दूसरे प्यार करती हैं। दोनों ने अब शादी करने का प्लान बनाया लेकिन परिवार और समाज से डर रही हैं। डर के मारे वे रविवार 16 जून को जैतपुर पुलिस थाने पहुंच गईं। वहां थानेदार को बोलीं कि वे दोनों आपस में प्रेम करती हैं। 5 साल से रिलेशनशिप में हैं। थानेदार साहब प्लीज शादी करवा दो। यह सुनकर थानेदार भी हैरान रह गए। उन्होंने दोनों लड़कियों को समझाया। उनके परिवार वालों को भी सूचना दी लेकिन लड़कियां अपनी जिद पर अड़ी रहीं।

लड़का लड़की राजी तो भी... अलवर में बाप-बेटे को उतारा मौत के घाट, पढ़ें 'ऑनर किलिंग' की सनसनीखेज कहानी पुलिस के मुताबिक दोनों लड़कियां एक ही गांव की रहने वाली है और पड़ोसी हैं। एक की उम्र 20 वर्ष है जबकि दूसरी की उम्र 25 वर्ष है। दोनों में दोस्ती है। पांच साल की दोस्ती अब प्यार में बदल गई। अब दोनों ने शादी करने का फैसला किया है। दोनों लड़कियों ने जैतपुर थाना प्रभारी से साफ कहा कि शादी करवा दो नहीं तो वे मर जाएंगी। यह सुनकर थाना प्रभारी भी हैरान रह गए। परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के साथ कई ग्रामीण भी थाने पहुंच गए। समाज के गणमान्य लोगों को भी समझाने के लिए बुलाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद लड़कियों ने किसी की की बात नहीं मानी। वे इसी जिद पर अड़ी रहीं कि वे एक दूसरे के बिना नहीं रह सकती। दो लड़कियां थाने पहुंची थीं। दोनों आपस में शादी करना चाहती हैं। दोनों बालिग हैं। इस संबंध में काउंसलिंग की जा रही है। हैरान करने वाली बात यह भी है कि दोनों लड़कियां सिर्फ पांचवीं कक्षा तक पढ़ी लिखी है। दोनों बकरियां चराती हैं। रविवार सुबह 10 बजे परिवार वालों को बिना बताए वे सीधे जैतपुर पुलिस थाने पहुंच गईं। यह अजीब मामला सामने आने के बाद पुलिस, परिवार वाले और क्षेत्र के लोग हैरान रह गए।

# तेजस्वी बोले-सरकारी अपराधियों से अपनी रक्षा खुद करें:डिप्टी सीएम का जवाब-क्रिमिनल बिहार छोड़ें नहीं तो परलोक भेज देंगे; ये लालू वाली सरकार नहीं

**पटना ।** बिहार में बढ़ते अपराध पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार सरकार पर हमलावर हैं। सोमवार को सोशल मीडिया X पर पोस्ट करते हुए तेजस्वी ने लिखा-सरकारी अपराधियों से अपनी रक्षा खुद करें। बिहारवासी अपने जान-माल की सुरक्षा स्वयं करें, इस निकम्मी सरकार के भरोसे नहीं रहें। वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने तेजस्वी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह लालू वाली सरकार नहीं है। अपराधी बिहार छोड़ दें, नहीं तो परलोक भेज देंगे।

तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मधुबनी में निर्ममता और क्रूरता की पराकाष्ठा पार कर सरकारी अपराधियों ने शिक्षक डॉ. आलोक यादव की चाकू से गोद-गोदकर हत्या कर दी। इस कुशासनी राज में छात्र-छात्रा और शिक्षक सुरक्षित नहीं है। सीवान में कोचिंग जा रहे छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। औरंगाबाद में कोचिंग गई छात्रा का अपहरण कर हत्या कर दी गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ना कोई वक्तव्य देंगे। उनसे कार्रवाई की अपेक्षा करना भी बेकार है। इस सरकार के प्रवक्ता वही रटे-रटाए बासी प्रवचन करेंगे।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार बढ़ रहे अपराध पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने अपराधियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा आपके पास दो ऑप्शन हैं। पहला, सुधर जाए या बिहार छोड़ दें। दूसरा, नहीं सधरने पर परलोक भेज दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। **तेजस्वी के पोस्ट पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया**

तेजस्वी यादव के पोस्ट पर आम लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पारुल सिंह ने लिखा- बीजेपी-जदयू की सरकार बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए। वहीं, टीएच खान ने लिखा- 'बिहार में जो चल रहा है, वो भयावह रूप लेने वाला है। एक जाति के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। सुशासन बाबू के हाथ से डोर निकल चुकी है। बिहार को अब नए नेतृत्व की जरूरत है, ताकि कानून व्यवस्था स्थापित हो सके। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। लालू प्रसाद-राबड़ी देवी के बाद एनडीए की सरकार बनी, तब बिहार में सुशासन स्थापित करने का लक्ष्य पूरा किया।

बिहार में जंगलराज राज था तो इसके जिम्मेदार तेजस्वी यादव थे। एनडीए की सरकार बिहार में अपराध को जड़ से मिटा देगी। बिहार के लोगों को हमारे वायदे पर विश्वास है।

# नीतीश कुमार के MP देवेश चंद्र ठाकुर के बिगड़े बोल, 'मुसलमान-यादव का नहीं करेंगे काम... दिखता है लालू और लालटेन'



**सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने मुसलमानों और यादवों को लेकर विवादित बयान दिया है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि मुसलमान और यादव उनके यहां आए तो चाय-नाश्ता करके जाएं, लेकिन वे उनका काम नहीं करेंगे, क्योंकि इनमें उन्हें लालू यादव और लालटेन नजर आता है।**

**पटनाः** सीतामढ़ी से जेडीयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर जीते तो हैं, लेकिन उनकी जीत बहुत कम वोटों से हुई है। इससे वो थोड़े नाराज़ दिख रहे हैं। अपनी नाराज़गी उन्होंने अपने ही क्षेत्र के वोटरों पर निकाली है। देवेशचंद्र ठाकुर ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि एनडीए को वोट कम क्यों मिले, इसका कोई कारण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूड़ी समाज के आधे से ज्यादा वोट कट गए। क्यों कटे, ये कोई बताए? कहार समाज के भी वोट कटे हैं। कानू समाज को तो वोट मिले, लेकिन कलवार समाज के वोट कट गए। ये वोट तो एनडीए के थे। कुशवाहा समाज के वोट भी अचानक कम हो गए। आखिर ऐसा क्यों हुआ?

**कुशवाहा समाज लालू यादव से खुश, 7 टिकट दिए**

देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि कुशवाहा समाज लालू यादव से खुश है क्योंकि उन्होंने इस समाज को 7 टिकट दिए। देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा कि ये तो स्वार्थी होना हुआ। आपके समाज से सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री हैं। उपेंद्र कुशवाहा केंद्र में मंत्री थे। ये आपके समाज के बड़े नेता हैं। जब आपके समाज से 4, 5, 6, 10 उम्मीदवार खड़े होंगे तो सीतामढ़ी में क्या फर्क पड़ेगा? आप उन्हीं से काम करवाएंगे क्या? ये सोच तो गलत है। देवेश चंद्र ठाकुर यहीं नहीं रुके। उन्होंने मुस्लिम और यादव जाति का नाम लेकर अपनी नाराज़गी जाहिर की। उन्होंने बताया कि एक मुस्लिम व्यक्ति उनके पास आया था। वो कोई काम करवाना चाहता था। देवेश चंद्र ठाकुर ने उससे पूछा- 'लगता है आप पहली बार आये हैं? उसने कहा-' हां सर, पहली बार आया हूँ।' देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा- 'अभी तो चुनाव हुए हैं। आपने तो लालटेन को वोट दिया होगा।' उसने कहा, 'हां सर, वोट दिया था।' देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा- 'फिर भी आप मेरे पास आये हैं? आप किस सोच के साथ आये हैं?' देवेशचंद्र ठाकुर ने आगे कहा- 'आप पहली बार आये हैं इसलिए मैं आपको कम बोल रहा हूं। वरना मैं किसी को छोड़ता नहीं हूँ। आप पहली बार आये हैं, चाय पीजिये, मिठाई खाइए। इसके बाद आपको दुआ सलाम करके मैं नमस्कार करूँगा। लेकिन आपका काम नहीं करूँगा।'

**पीएम मोदी ने सबको अनाज दिया** देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा- 'अगर आप तीर का बटन दबाते तो आपको नरेंद्र मोदी का चेहरा दिखता। इसलिए आपने लालटेन का बटन दबाया। तो मैं आपका काम करते हुए लालटेन और लालू जी का चेहरा क्यों देखूं? बताइए, मैं आपका काम कैसे करूं? मैं नहीं कर सकता।' देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा- '70 साल की उम्र हो गई। पहली बार मैं ये कह रहा हूँ और मैं ये करूंग भी। मेरे यहाँ सभी यादव मित्रों का स्वागत है। जो मित्र नहीं हैं, पहली बार आ रहे हैं, उन सभी यादव और मुसलमानों का स्वागत है। आइए, चाय पीजिये, मिठाई खाइए। काम के बारे में मत बोलिये। मैं आपका काम नहीं करूँगा।' देवेश चंद्र ठाकुर ने आगे कहा- 'मेरे यहाँ अगर किसी समाज का सबसे ज्यादा व्यक्तिगत काम हुआ है तो इसी मुस्लिम और यादव समाज का हुआ है। आप इसलिए हमें वोट नहीं दोगे कि हम बीजेपी से जुड़े हुए हैं? आपको पीएम मोदी का चेहरा दिख रहा है? ये गलत है। पीएम मोदी ने सबको अनाज दिया है, चाहे वो किसी भी जाति या धर्म का हो।'

# सुसाइड या मर्डर? मैहर में शारदा मंदिर के पीछे मिले 3 शव किसके, क्या कह रही पुलिस..



**घटना स्थल को देखकर प्रतीत हो रहा है कि दोनों पुरुष और महिला ने देवीजी पहाड़ी के पीछे जंगल में पेड़ में फंदा बनाकर फांसी लगाई है। घटना स्थल की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। पुलिस को अंदेशा है कि दर्शन करने के लिए तीनों मैहर आए और पहाड़ी के पीछे जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।**

**सतनाः** मैहर देवी मंदिर के पीछे पहाड़ी में तीन लोगों के शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, एडिशनल एसपी मुकेश वैश्य, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी मौके पर पहुंचे। तीनों शव क्षत-विक्षत हालत में थे।

**देखने वाले रह गए दंग**

मौके पर दो युवकों के शव फांसी पर लटके थे, जबकि महिला का शव जमीन पर पड़ा था। मैहर डीएसपी राजीव पाठक के मुताबिक तीनों शव काफी पुराने हैं। दोनों युवक ठंड के कपड़े पहने हुए हैं जबकि महिला शॉल ओढ़ी हुई थी। घटना तब सामने आई, जब एक महिला जंगल की ओर गई। तीन शवों को देखकर उसकी चीख निकल गई। उसने पुलिस को सूचना दी।

**सर्दियों में हुई है घटना**

इस सूचना पर सीएसपी मैहर राजीव पाठक ने स्थिति की जांच करने के लिए अपनी टीम को रविवार की शाम पांच बजे मौके पर पहुंचाया। वहां दो मृतकों का शव पेड़ में फंसे हुए थे जबकि तीसरे का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। मृतकों के शवों की हालत से यह लग रहा था कि वे चार से पांच माह पुराने हैं, और कपड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी मौत ठंड के मौसम में हुई हो सकती है। शव पूरी तरह से नष्ट हो चुके थे और हडिड़यां बिखरी हुई थीं।

**आत्महत्या का एंगल भी हो सकता है**

मृतकों के कपड़ों की खोज में उनकी पहचान संबंधी दस्तावेज़ नहीं मिले हैं। घटना स्थल को देखकर लग रहा है कि एक पुरुष और महिला ने देवीजी पहाड़ी के पीछे जंगल में पेड़ में फंदा बनाकर फांसी लगाई है। घटना स्थल की जाँच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। पुलिस को अंदेशा है कि दर्शन करने के लिए तीनों मैहर आए और पहाड़ी के पीछे जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

तीनों शवों को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय में रखवा दिया गया है। इन तीनों की शिनाख्त सीधी जिले के रामगढ़ निवासी छोटकी साकेत मां एंव उसके बेटे दीपक साकेत और राजकुमार साकेत के रूप में हुई है। तीनों पिछले 5 माह से घर से लापता थे। हालांकि अभी तक जो पुलिस को जानकारी मिली है, उसके अनुसार इन तीनों मृतकों की सीधी जिले में कोई गुमशुदगी दर्ज नहीं है। पुलिस इन सब बिंदुओं पर जांच कर रही है।




# यूं ही आमों की मल्लिका नहीं है नूरजहां... 15 खुशनसीब लोग ही इस साल चख सकेंगे का इसका स्वाद

**आमों की मल्लिका नूरजहां के आस्तित्व पर संकट है। मध्य प्रदेश में नूरजहां आम के तीन पेड़ बचे हैं। तीनों पेड़ के मिलाकर कुल 15 फल बचे हैं। भोपाल में लगे आम महोत्सव में एक नूरजहां आम को लाया गया था। एक नूरजहां आम की कीमत 2200 रुपए है, वो भी बिक्री के लिए नहीं है।**

भोपाल

नूरजहां... यह नाम सुनते ही हमारे जहन में मुगल साम्राज्य के बेगम की याद आती है लेकिन मध्य प्रदेश में इन दिन नूरजहां की चर्चा दूसरी वजह है। दरअसल, मध्य प्रदेश में नूरजहां प्रजाति का एक आम होता है। आमों के सीजन में इसकी चर्चा खूब होती है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में इन दिनों आम महोत्सव चल रहा है। इस महोत्सव में लोगों के लिए नूरजहां आम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आम महोत्सव में एक नूरजहां आम लाया गया है, वो भी स्पेशल डिमांड पर है। एक नूरजहां आम की कीमत 2200 रुपए है। मेले में आने वाले लोग इसे खरीद नहीं सकते हैं सिर्फ इसके साथ तस्वीर ले सकते हैं।

**आमों की मल्लिका है नूरजहां**

दरअसल, भारत में अलग-अलग प्रजाति के आम पाए जाते हैं। उनमें नूरजहां आमों की मल्लिका है। नूरजहां आम गुजरात और मध्य प्रदेश में पाए जाते हैं। मध्य प्रदेश में भी सिर्फ अलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा ब्लॉक में इसके तीन पेड़ बचे हैं। फल लगने से पहले ही इसके शौकीन इसकी बुकिंग कर लेते हैं। कम उत्पादन और बढ़ती मांग की वजह से इसकी कीमत भी बढ़ती जा रही है।

**एक नूरजहां आम की कीमत 2200 रुपए** भोपाल में नबार्ड की तरफ से आम महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान एमपी में अलग-अलग प्रजाति के पाए जाने वाले आम लाए गए हैं। सबसे आकर्षण का केंद्र नूरजहां आम बना हुआ है। वो भी सिर्फ एक आम डिमांड पर लाया गया है। नबार्ड में स्टॉल लगाने वाले विक्रेता ने कहा कि एक नूरजहां सवा किलो का है। इसकी कीमत 2200 रुपए है। यह साढ़े तीन किलो तक का होता है। यह आम बिक्री के लिए नहीं है। सिर्फ डिमांड पर एक आम को लाया गया है।

**नूरजहां आम के 15 फल ही बचे हैं**

वहीं, नूरजहां आम लाने वाले कारोबारी ने बताया कि तीन पेड़ में 70 से 80 फल लगते हैं। कुछ मौसम की वजह से बर्बाद हो जाते हैं। इस बार महज 15 फल ही बचे हैं। सबकी बुकिंग हो गई है। उनके खरीदारों ने आम मंगवा लिए हैं। भोपाल से भी ज्यादा डिमांड था लेकिन हमें नूरजहां आम मिला नहीं है। इसका स्वाद लाजवाब होता है। मध्य प्रदेश के बाहर भी इस आम की डिमांड होती है लेकिन उत्पादन नहीं होने की वजह से आपूर्ति नहीं होती है।

**15 लोग ही चख सकेंगे स्वाद**

गौरतलब है कि पहले मुंबई से भी इस आम की डिमांड आती थी। अब उत्पादन सीमित है। ऐसे में 15 खरीदने वाले लोग और उनके परिवार के सदस्य ही इस आम का स्वाद चख सकेंगे। हालांकि नूरजहां आम की प्रजाति को बचाने की कोशिशें एमपी में नाकाफी साबित हुई है। अलीराजपुर जिले को छोड़कर कहीं और यह आम एमपी में पाया नहीं जाता है। अगर समय रहते इसे बचाने की कोशिशें नहीं हुई तो यह एक इतिहास बन जाएगा।

# आ गया बिहार सरकार का 'चुलबुल पांडेय', एक बार कमिटमेंट कर लेता है तो अपने आप की भी नहीं सुनता




**बिहार में एक IAS ऐसा भी है, जिसके नाम से ही खौफ पसर जाता है। जिस विभाग में ट्रांसफर होता है, या तो घूसखोर दुरुस्त हो जाते हैं या फिर सस्पेंड। बीच का तो कोई रास्ता ही नहीं बचता। अब इस अफसर को नीतीश सरकार ने बड़ा विभाग दे दिया है।**

**पटनाः** वो फिल्मी दुनिया के सुपरकॉप चुलबुल पांडेय के जैसा है। नियम तोड़ने वालों को वो कई बार नियम के दायरे से बाहर आकर सबक सिखाता है। अगर कोई घूसखोर एक हाथ से लेता है तो वो उसके दूसरे हाथ पर ऐसा डंडा मारता है कि पहला हाथ रिश्वत का पैसा लेने से इनकार कर देता है। नियम ऐसे कि एक बार कमिटमेंट कर दी तो खुद की भी नहीं सुनता। बिहार के शिक्षा विभाग में वो अपने काम का नमूना हाल ही में दिखा चुके हैं। अब आप समझ गए होंगे कि किसकी बात चल रही है, जी हां, वन एन ओनली केके पाठक। इनके बारे में स्टाफ दबी जुबान से यहां तक कहते हैं कि ऐसा अफसर अपवाद ही होता है।

**अब केके पाठक को भूमि राजस्व विभाग की जिम्मेदारी** बिहार का भूमि राजस्व विभाग बड़ी सरकारी कमाई (रेवेन्यू) वाला डिपार्टमेंट है। इस विभाग के जरिए सरकार को मोटे पैसों की कमाई होती है। जमीन की रजिस्ट्री से लेकर बालू के खनन तक में इसकी हिस्सेदारी रहती है। लेकिन इसी विभाग में दलालों, जमीन माफिया का बोलबाला है। ये हम नहीं कहते, बल्कि खुद विभाग के कुछ अफसर दबी जुबान से चर्चा करते और मानते भी हैं। शायद इसीलिए नीतीश सरकार ने भूमि राजस्व विभाग को सुधारने के लिए कड़क IAS केके पाठक की तैनाती कर दी है। समझिए कि कैसे असर होगा पाठक की इस विभाग में पोस्टिंग का... बिहार में भूमि और राजस्व वभिाग को सोने के अंडे देने वाली मुर्गी कहा जाता है। हाल के दिनों में बिहार में जमीन के भाव तेजी से बढ़े हैं। राजधानी पटना समेत कई इलाकों में भू माफिया तेजी से सक्रिय हुआ है। ये माफिया फायदे के लिए कमजोर लोगों (चाहे वो दलित हों या फिर सवर्ण), की जमीनों पर गिद्ध दृष्टि गड़ाए रहता है। मौका मिलते ही माफिया इन जमीनों पर कब्जा करने से भी गुरेज नहीं करता। इसके अलावा भू माफिया उन प्लॉट्स को भी खरीद लेता है जो विवादित हैं, यानि जिसमें दो पक्षों के बीच विवाद हो। इसके बाद जोर-जबरदस्ती के दम पर इन प्लॉट पर कब्जा कर लिया जाता है। इसके लिए आपको किसी सबूत की जरुरत भी नहीं, ये खेल खुलेआम चलता है। पटना समेत कई जिलों में लगातार ऐसे मामले सामने आते रहे हैं।

# नक्सलियों के गढ़ में बंदूक की जगह कलम ने दिखाई ताकत, 55 छात्रों ने NEET और JEE परीक्षा पास की

**नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले क दंतेवाड़ा में बंदूक के डर की जगह कलम क्रांति आना शुरू हो गई है। यहां से हर साल बच्चे नीट और जेईई में कमाल दिखा रहे हैं। इस साल करीब 55 बच्चों ने नीट और जेईई में सफलता हासिल की है।**

**दंतेवाड़ाः** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बस्तर क्षेत्र में माओवादी अशांति का पर्याय बन चुका दंतेवाड़ा अब एक अलग कारण से सुर्खियों में है। यहां अब बदलाव की बयार बहने लगी है। यहां पर युवा पीढ़ी ने बंदूकों की जगह बदलाव के लिए एजुकेशन का रास्ता अपनाया और कमाल कर दिया है। यहां के युवाओं ने एक असाधारण उपलब्धि हासिल करते हुए 39 ड्रॉपआउट सहित 55 छात्रों ने नीट और जेईई की एग्जाम पास की है। अब ये छात्र- छात्राएं डॉक्टर और इंजीनियर बनेंगे। इन बच्चों ने यह उपलब्धि राज्य सरकार की 'छू लो आसमान' पहल के तहत हासिल की है। दरअसल, माओवाद से प्रभावित दंतेवाड़ा में परिवर्तनकारी यात्रा 31 मार्च, 2011 को शुरू हुई। जब चौधरी ने जिला कलेक्टर का पदभार संभाला। संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्र और कुशल जनशक्ति की कमी की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हुए चौधरी ने शैक्षिक अंतर को पाटने के लिए 'छू लो आसमान' परियोजना शुरू की। शहरी केंद्रों की तुलना में दंतेवाड़ा में संसाधनों और सुविधाओं की बहुत कमी है। इसके बावजूद इन छात्रों की सफलता विशेष रूप से और महत्वपूर्ण हो जाती है। वहीं, शिक्षा की इस पहल ने छात्रों को एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा प्रदान की है। यहां चलाई जा रही 'छू लो आसमान' पहल के तहत उन्हें गहन कोचिंग और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मौका दिया है। **ड्रॉपआउट स्टूडेंट्स ने किया कमाल** इस बार के नीट और जेईई रिजल्ट में 12वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले 39 छात्रों ने उल्लेखनीय वापसी की है। इनमें से 39 में से 21 ड्रॉपआउट लड़कियां और 32 में से 16 ड्रॉपआउट लड़के NEET के लिए क्वालिफाई हुए। जबकि चार ड्रॉपआउट में से दो लड़के JEE में सफल हुए। वहीं, 12वीं कक्षा की रेगुलर क्लास लेने वाली 50 छात्राओं में से कोई भी नीट के लिए क्वालिफाई नहीं हुई। हालांकि 6 लड़किया जेईई में जरूर क्वॉलिफाई हुईं हैं। वहीं, रेगुलर क्लास लेने वाले लड़कों की बात की जाए तो 37 लड़कों में से केवल 4 लड़कों ने ही नीट क्वॉलिफाई की है। वहीं, जेईई की रेगुलर क्लास लेने वाले 35 स्टूडेंट्स में 6 ने सफलता हासिल की है।



# सात समंदर पार के देश ने ली चुपचाप ले ली पड़ोसी चीन की जगह




**मई के एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट के आंकड़े आ गए हैं। बीते महीने टॉप 10 एक्सपोर्ट मार्केट्स में से सभी को तेजी देखने को मिली। कॉमर्स डिपार्टमेंट के डेटा के मुताबिक मई में भारत से ब्रिटेन को एक्सपोर्ट 33.54% बढ़कर 1.37 अरब डॉलर पहुंच गया।**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Prime Minister Narendra Modi) हाल में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली में थे। वहां उन्होंने ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मीटिंग की। दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी शामिल था। इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच 14 दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अब तक कई मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई है। इस बीच मई के आंकड़ों मुताबिक ब्रिटेन भारत का चौथा बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट बन गया है। दिलचस्प बात है कि ब्रिटेन हमारे पड़ोसी देश चीन को पछाड़कर इस मुकाम पर पहुंचा है। कॉमर्स डिपार्टमेंट के डेटा के मुताबिक मई में भारत से ब्रिटेन को एक्सपोर्ट 33.54% बढ़कर 1.37 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान चीन को हमारा एक्सपोर्ट मात्र 3.35% बढ़कर 1.33 अरब डॉलर रहा।

सुनक भारतीय मूल के हैं। उनकी पत्नी अक्षता सुनक भारत की आईटी कंपनी इन्फोसिस के फाउंडर एन नारायण मूर्ति की बेटी हैं। भारत से ब्रिटेन को ज्यादातर मशीनरी, फूड आइटम्स, दवा, टेक्सटाइल्स, जूलरी और आयरन एंड स्टील आदि का एक्सपोर्ट किया जाता है। मई में अमेरिका 7.43 अरब डॉलर के साथ भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट रहा। मई में अमेरिका को एक्सपोर्ट में 13.06 फीसदी के तेजी आई। भारत के एक्सपोर्ट मार्केट में यूएई (3.06 अरब डॉलर) दूसरे और नीदरलैंड (2.19 अरब डॉलर) के साथ तीसरे नंबर पर है। पिछले साल मई में ब्रिटेन भारत का छठा बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट था। लेकिन इस बार वह दो स्थान की छलांग के साथ चौथे नंबर पर आ गया है। **भारत का इम्पोर्ट** अच्छी बात यह है कि मई में भारत के टॉप 10 एक्सपोर्ट मार्केट्स में से सभी में तेजी देखने को मिली। इससे पहले इनमें से कुछ मार्केट्स में एक साल से अधिक समय से गिरावट दिख रही थी। वैल्यू के हिसाब से देखें तो भारत के कुल एक्सपोर्ट में से 52 फीसदी हिस्सा इन्हीं टॉप 10 देशों का है। मई में भारत का कुल मर्केंडाइज एक्सपोर्ट 9.13 फीसदी बढ़कर 38 अरब डॉलर रहा। सऊदी अरब (8.46%), सिंगापुर (4.64%), बांग्लादेश (13.47%), जर्मनी (6.74%) और फ्रांस (36.94%) को भी एक्सपोर्ट में तेजी आई।

# तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच हैं कई समस्याएं, वित्त मंत्री के सामने हैं अभी ये चुनौतियां



**देश की अर्थव्यवस्था भले ही तेजी से बढ़ रही है। लेकिन अभी भी कई समस्याएं हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बहुत सी चुनौतियां हैं। चुनाव नतीजों से पता चला है कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का मतलब ये नहीं है कि गरीबी कम हुई है या रोजगार ज्यादा पैदा हुए हैं।**

**नई दिल्लीः** देश में हाल ही में आम चुनाव खत्म हुए हैं। अभी वित्त मंत्री को आर्थिक विकास की दर और अर्थव्यवस्था के आकार को देखने की बजाय कुछ चिंता के विषयों पर ध्यान देना चाहिए। चुनाव नतीजों से पता चला है कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का मतलब ये नहीं है कि गरीबी कम हुई है या रोजगार ज्यादा पैदा हुए हैं। पहले ये सोचा जाता था कि अगर अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो गरीबी और अमीरी के बीच की खाई ज्यादा मायने नहीं रखती है। लेकिन अब ये सोच बदल रही है। साथ ही, अर्थव्यवस्था की रफ्तार को लेकर भी कुछ चेतावनी के संकेत मिल रहे हैं। इनमें से सबसे बड़ी चिंता है लोगों की बचत में कमी है।

**बचत दर घटी है** साल 1991 के बाद से भारत में बचत की दर घटी है। 1990-91 में जीडीपी का 23.3% बचत होती थी जो 2007-08 में बढ़कर 37.8% हो गई। लेकिन उसके बाद से बचत लगातार कम होती गई और 2020-21 में घटकर 28.2% रह गई। अध्ययनों से पता चला है कि बचत बढ़ने की एक बड़ी वजह अमीरी और गरीबी के बीच बढ़ती खाई थी। जैसे-जैसे अमीरों की आमदनी बढ़ी, वैसे-वैसे गरीबों की जेब खाली होती गई। गरीब कमाई का ज्यादातर हिस्सा खाने-पीने पर खर्च कर देते हैं जबकि अमीर बचत कर सकते हैं।

**विदेश चला जाता है पैसा** लेकिन सिर्फ अमीरों की आमदनी बढ़ाकर देश की बचत को बढ़ाना ज्यादा समय तक नहीं चल सकता। गरीबी को दूर करने के लिए सरकार को गरीबों को मदद देनी पड़ती है।

# मूवी और टिकटिंग बिजनस बेचने की तैयारी में Paytm! जानिए कौन है खरीदार







**देश की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम (Paytm) का मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस बिक सकता है। इसके लिए पेटीएम की फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो के साथ बातचीत चल रही है। यह डील 2000 करोड़ रुपये के वैल्यूएशन पर हो सकती है।**

**नई दिल्लीः** देश की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम (Paytm) अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस को बेचने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी की फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। सूत्रों का कहना है कि पेटीएम अपने नॉन-कोर एसेट्स को बेचने की रणनीति पर काम कर रही है। मूवी और टिकटिंग बिजनस को बेचना भी उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। अगर यह डील फाइनल होती है तो इसके लिए पेटीएम के मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस की वैल्यू करीब 2,000 करोड़ रुपये हो सकती है। रविवार देर रात स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में जोमैटो ने कहा कि वह पेटीएम के मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस के खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। जोमैटो ने कहा कि यह बातचीत उसके 'गोइंग-आउट' बिजनस को मजबूत करने के इरादे से की जा रही है। हालांकि अब तक कोई बाध्यकारी निर्णय नहीं लिया गया है जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी की जरूरत होगी। इस बीच एक अलग फाइलिंग में पेटीएम ने यह भी कहा कि बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। इसमें कोई बाध्यकारी समझौता शामिल नहीं है जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी या डिस्क्लोजर की जरूरत होगी। कंपनी वह नियमित रूप से विभिन्न रणनीतिक अवसरों की खोज करती है जिससे शेयरहोल्डर की वैल्यू बढ़ाई जा सके। एंटरटेनमेंट बिजनस की बिक्री पर विचार किया जा रहा है। अर्निंग्स कॉल में हमने बताया था कि हमारा जोर पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज पर होगा। सूत्रों ने कहा कि पेटीएम अपने पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विस बिजनस पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। कंपनी केवल उन अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगी जो उसके मर्चेंट्स को अपने बिजनस बढ़ाने में मदद करेंगे। जोमैटो के लिए यह डील वैल्यू एड करेगी। पेटीएम की मूवी और इवेंट टिकटिंग वर्टिकल को खरीदना उसके गोइंग-आउट बिजनस के लिए फायदेमंद रहेगा।

# किसानों के लिए खुशखबरी! कल आएगी PM किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त, ऐसे चेक करें आपको पैसा मिलेगा या नहीं

**भारत सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने की तारीख का ऐलान कर दिया है। देश में करोड़ों किसानों को किसान सम्मान निधि की किस्त जारी होने का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे।**

नई दिल्लीः किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त (PM Kisan 17th Installment) का काफी समय से इंतजार है। किसानों के लिए अच्छी खबर है। भारत सरकार ने किस्त जारी करने की तारीख का ऐलान किया है। पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त कल यानी 18 जून को जारी होगी। देश के 9.26 करोड़ों किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद सबसे पहले पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त को जारी करने को लेकर फाइल पर साइन किया था। हालांकि कई किसान ऐसे भी हैं जिनके खाते में इस बार किस्त का पैसा नहीं आएगा। आपको किस्त की रकम मिलेगी या नहीं आप इसकी जानकारी कर सकते हैं। पीमए किसान योजना की शुरुआत साल 2019 में हुई थी। अभी तक 16 किस्तों में केंद्र सरकार अब तक इस योजना के तहत किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित कर चुकी है।

**इस वजह से अटकती है किस्त** अगर आपने पीएम किसान योजना में रजिस्ट्रेशन कराया है तो आपको भी 17वीं किस्त का पैसा मिलना चाहिए। आप ऑनलाइन ये जान सकते हैं कि आपको किस्त का पैसा मिलेगा या नहीं। इसके लिए आपको पीएम किसान की वेबसाइट पर मौजूद बेनिफिशियरी लिस्ट देखनी होगी। कई बार कुछ दिक्कतों के चलते पीएम किसान की किस्त के पैसे खाते में नहीं आते हैं। पंजीकरण कराते समय बैंक अकाउंट गलत दर्ज होने, जानकारी में गलती और कई बार तकनीकी समस्याओं के चलते किस्त अटक सकती है। क्या है पीएम किसान सम्मान निधि योजना? किसानों को मिलते हैं 6000 रुपए... जानिए इसके बारे में सबकुछ





**ऐसे देखें खाते में रकम आएगी या नहीं** आपको किस्त का पैसा मिलेगा या नहीं इसके लिए आपको किसान पात्रों की लिस्ट में अपना नाम चेक करना होगा। इसके लिए आप पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आधिकारिक वेबसाइट https://pmkisan.gov.in/ पर जाएं। अब फॉर्मर कॉर्नर पर क्लिक करें। इसके बाद एक नया पेज खुलेगा। अब आपको बेनिफिशयरी लिस्ट ऑप्शन को सेलेक्ट करना होगा। अब एक फॉर्म खुलेगा। इसमें आपको अपना राज्य, जिला और उसके बाद गांव का नाम सेलेक्ट करना होगा। ये सभी जानकारियां भरने के बाद आप गेट रिपोर्ट पर क्लिक करें। इसके बाद आपके सामने पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की लिस्ट खुल जाएगी। अगर इस लिस्ट में आपका नाम है तो आपके अकाउंट में किस्त की रकम आएगी।

# SBI ने दिया झटका! होम, पर्सनल और कार लोन किया महंगा, अब कितना देना होगा ब्याज?




**भारतीय स्टेट बैंक ने कार, घर और पर्सनल लोन के लिए MCLR दरों में 10 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। इसका असर अलग-अलग कर्ज अवधियों पर पड़ेगा। वहीं, बैंक ने EBLR 9.15% पर जस का तस रखा है। लोन के लिए प्रोसेसिंग शुल्क कर्ज राशि का 0.35% प्लस GST तय किया गया है। BPLR को संशोधित कर 15.15% प्रति वर्ष किया गया है।**

**नई दिल्लीः** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपने लोन की ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। इसका मतलब है कि अब आपको कार, होम या पर्सनल लोन लेना थोड़ा महंगा पड़ेगा। SBI ने अपने मार्जिन कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट यानी MCLR में 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी की है। MCLR वो न्यूनतम ब्याज दर होती है जिससे कम पर बैंक लोन नहीं दे सकता। अगर आप एक साल के लिए लोन लेते हैं तो आपको पहले 8.65% की दर से ब्याज देना होता था। लेकिन, अब यह दर बढ़कर 8.75% हो गई है। SBI के ऑटो लोन एक साल के MCLR और पर्सनल लोन दो साल के MCLR से जुड़े होते हैं।

**क्या हो गई हैं नई दरें?** अगर हम अलग-अलग समय के लिए MCLR की बात करें तो अब ये 8.10% से लेकर 8.95% तक होंगे। ओवरनाइट MCLR 8% से बढ़कर 8.10% हो गया है। वहीं, एक महीने और तीन महीने के लिए यह दर 8.20% से बढ़कर 8.30% हो गई है। छह महीने के लिए MCLR अब 8.45% से बढ़कर 8.55% हो गया है। एक साल के लिए यह दर 8.55% से बढ़कर 8.65% और दो साल के लिए 8.85% से बढ़कर 8.75% हो गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि SBI ने अपने EBLR रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया है। EBLR का मतलब 'एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट' होता है। SBI के कुछ होम लोन EBLR से जुड़े होते हैं। SBI का EBLR अभी भी 9.15% है जो रेपो रेट (6.50%) और स्प्रेड (2.65%) को मिलाकर बनता है। SBI होम लोन की ब्याज दरें 8.50% से लेकर 9.65% तक हैं और ये आपके CIBIL स्कोर पर निर्भर करती हैं।

**SBI ने तय की प्रोसेसगि फीस** इसके अलावा SBI ने लोन के लिए अपनी प्रोसेसिंग फीस भी तय की है जो लोन की राशि का 0.35% है। साथ ही GST भी लगेगा। BPLR यानी बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट को बदलकर कर 15.15% सालाना कर दिया गया है जो 15 जून, 2024 से लागू है। SBI ने हाल में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर ब्याज दरों में भी बदलाव किया है। यह बदलाव 3 करोड़ रुपये से कम और ज्यादा की FD पर अलग-अलग है।

अगर आप लोन लेने की सोच रहे हैं तो आपको अभी ब्याज दरों में कमी के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने अपनी पिछली बैठक में रेपो रेट को 6.5% पर ही बनाए रखने का फैसला किया था। ऐसा माना जा रहा है कि अगस्त में होने वाली अगली बैठक में भी RBI रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा। लेकिन अक्टूबर या दिसंबर में रेपो रेट में कमी आ सकती है।

# 5 लाख में टिकट खरीदा, सीट जाम, खाना खराब, इंटरटेनमेंट सिस्टम खराब, तिस पर सूटकेस तोड़ दिया!




**एयर इंडिया एक बार फिर से सोशल मीडिया पर चर्चित हो रहा है। चर्चित होने की वजह है एयर इंडिया की खराब सेवा। पिछले दिनों विनीत नाम के एक यात्री ने दिल्ली से नेवार्क की यात्रा की थी, वह भी बिजनस क्लास (Business Class) में। इसके लिए उन्होंनें पांच लाख का किराया चुकाया। तब भी उन्हें बेकाम की सीट, खराब खाना और काम नहीं करने वाला टीवी स्क्रीन मिला। यही नहीं, एयरलाइन ने उनका सूटकेस भी तोड़ दिया।**

**नई दिल्लीः** जब हवाई यात्रा (Air Journey) लंबी हो तो लोग सुकूनदेह यात्रा करना चाहते हैं। सुकून के लिए कुछ यात्री बिजनस क्लास (Business Class Flight Ticket) का टिकट खरीदते हैं। इस क्लास में पैसे तो इकॉनोमी से करीब तीन गुना ज्यादा लगता है। लेकिन सफर में आराम खूब रहता है। इस क्लास को विलासिता या लग्जरी से भी जोड़ा जाता है। बिजनस क्लास की सीटें खोल लें तो वह फाइव स्टार होटल का बिस्तर बन जाता है। इस क्लास के खानपान की तो बात ही न पूछें। आसमान में शानदार मेहमानवाजी। लेकिन विनीत Vineeth K (@DealsDhamaka) के लिए एयर इंडिया की दिल्ली से नेवार्क (Delhi - Newark (AI 105) की फ्लाइट में जो अनुभव हुआ, उससे वह उबर ही नहीं पा रहे है। उनका दर्द सोशल मीडिया पर छलका।

**क्या है वाकया**

विनीत ने पिछले दिनों ऑफिस के काम से एयर इंडिया के दिल्ली से नेवार्क (Delhi - Newark (AI 105) की बिजनस क्लास में यात्रा की। इस रूट पर रिटर्न टिकट के लिए उन्होंने पांच लाख रुपये खर्चे। लेकिन उनकी यात्रा तो किसी बुरे सपने (Nightmare) में तब्दील हो गया। इसके बाद उन्होंने ट्वीटर या एक्स प्लेटफार्म पर पोस्ट की झड़ी लगा दी। वह अपने पोस्ट का शीर्षक दिया है खौफनाक कहानी या HORROR STORY. इसे 15 जून को रात में 9.22 बजे पोस्ट किया गया। इसे सोमवार को सुबह सवा नौ बते तक 727.4K लोगों ने देख लिया था।

**शुरुआत ही परेशानी से**

विनीत की हवाई यात्रा की शुरुआत की परेशानी से हुई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 105 पहले से ही 25 मिनट की देरी से चल रही थी। एयरलाइन ने बिजनस क्लास की जो सीट उन्हें दी, वह उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी। उन्होंने गंदे कवर वाली घिसी-पिटी सीटों की तस्वीरें साझा कीं। मामला और संगीन तब हो गया, जब उन्होंने अपनी सीट खोलने की कोशिश की तो खुली ही नहीं। गौरतलब है कि बिजनेस क्लास की सीट को जब आप खोलेंगे तो वह बिस्तर में तब्दील हो जाती है। उस पर आराम से आप आसमान में सो सकते हैं। विनीत ने लिखा, "कल की उड़ान किसी बुरे सपने से कम नहीं थी।" "सीटें साफ नहीं थीं, घिसी हुई थीं और 35 में से कम से कम 5 सीटें काम नहीं कर रही थीं। उड़ान भरने में 25 मिनट की देरी हुई। उड़ान भरने के बाद 30 मिनट तक रुकने के बाद, मैं सोना चाहता था (3.30 बजे) और मुझे एहसास हुआ कि मेरी सीट फ़्लैट बिस्तर में बदल नहीं रही है। कारण, यह काम नहीं कर रही है।"

**अधपका खाना परोस दिया**

वह लिखते हैं कि जब वह कुछ घंटे के बाद जगे तो भोजन मंगाया। यहां भी उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी। परेशानी की वजह थी कि उन्हें अधपका या Uncooked भोजन परोस दिया गया था। उन्होंने फल मंगाया तो वे बासी (Stale) थे। वह लिखते हैं कि फ्लाइट में सभी यात्रियों को ऐसा ही फल मिला, जिसे उन्होंने वापस कर दिया। वह लिखते हैं कि पहले एयर इंडिया की उड़ान में इस तरह का कभी अनुभव नहीं हुआ है।

# गरीबी में बीता बचपन, फिर 50 हजार रुपये की पूंजी से शुरू किया बिजनेस, आज करोड़ों में है नेटवर्थ



**कभी गरीबी में बचपन बिताने वाले जुपल्ली रामेश्वर राव आज सफल कारोबारी हैं। वह माय होम ग्रुप के मुखिया हैं। हैदराबाद की यह कंपनी रियल्टी, सीमेंट और एनर्जी सेक्टरों में काम करती है। एक समय ऐसा था जब रामेश्वर राव को स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। घर में बहुत गरीबी थी।**

**नई दिल्लीः** अगर मुसीबतों का डटकर मुकाबला किया जाए तो बड़ी से बड़ी सफलता भी आसानी से हासिल की जा सकती है। दुनिया में बहुत कम लोग ही नकारात्मक परिस्थितियों में परेशान नहीं होते हैं। वह अपने आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करने से कभी पीछे नहीं हटते हैं। जुपल्ली रामेश्वर राव का नाम भी ऐसे ही लोगों में शामिल है। एक समय वह बेहद गरीबी में जीवन जी रहे थे। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत से पैसे जमा किए और सिर्फ 50 हजार की रकम से अपने कारोबार की शुरुआत की। आज वह जाने-माने कारोबारी और करोड़ों के मालिक हैं। जुपल्ली रामेश्वर राव माय होम ग्रुप के मुखिया हैं। हैदराबाद की यह कंपनी रियल्टी, सीमेंट और एनर्जी सेक्टरों में काम करती है। आईए आपको बताते हैं उन्होंने इतनी बड़ी सफलता कैसे हासिल की।

**गरीबी में बीता बचपन**

रामेश्वर राव आज भले ही करोड़पति हों, लेकिन उनका बचपन गरीबी में बीता है। रामेश्वर का जन्म तेलंगाना के महबूब नगर में 16 सितम्बर 1955 को हुआ था। उनके पिता एक गरीब किसान थे। एक समय ऐसा था जब रामेश्वर राव को स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। घर में बहुत गरीबी थी। उनके पिता उन्हें साइकिल नहीं दिला सकते थे। तमाम चुनौतियों के बावजूद रामेश्वर राव ने हार नहीं मानी। साल 1974 में रामेश्वर आगे की पढ़ाई के लिए हैदराबाद आ गए और होम्योपैथी की पढ़ाई करने लगे। जब उन्हें होम्योपैथी की डिग्री मिली, तो उन्होंने हैदराबाद में ही अपना क्लिनिक शुरू कर दिया।

**बसों में पेन बेचने वाले शख्स ने खड़ी कर दी 2300 करोड़ की कंपनी, आज कई देशों में फैला है कारोबार**

उस समय हैदराबाद में रियल एस्टेट बिज़नेस में उछाल आ रहा था। रामेश्वर को इस फील्ड में कोई नॉलेज नहीं था। फिर भी उन्होंने रिस्क लेकर 1980 में 50 हजार रुपये से एक प्लॉट खरीदा। इसी प्लॉट में फ्लैट बना कर बेचा। उन्हें इस प्लॉट से 3 गुना रिटर्न मिला। इसके बाद वह क्लिनिक बंद करके फुल टाइम रियल एस्टेट में ही काम करने लगे। इसके चलते हैदराबाद में राव की जिंदगी ने एक बड़ा टर्न लिया। यहीं से राव के लिए रियल एस्टेट टाइकून बनने का रास्ता बनाया। इसके बाद साल 1981 में उन्होंने माई होम कंस्ट्रक्शन के नाम से रियल एस्टेट कंपनी शुरू की। इसके अंतर्गत उन्होंने कई रेजिडेंशियल सोसाइटी और कमर्शियल बिल्डिंग्स बनाई।

**सीमेंट सेक्टर में उतरे** रियल एस्टेट सेक्टर में मिली अपार सफलता के बाद उन्होंने 20 अप्रैल 1987 में महा सीमेंट कंपनी की शुरुआत की थी। महा सीमेंट रामेश्वर की ज़िन्दगी में दूसरा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ, महा सीमेंट दक्षिण भारत का एक प्रमुख सीमेंट ब्रांड है। आज जुपल्ली रामेश्वर राव की कुल संपत्ति 11,400 करोड़ रुपये की है।

एक नजर

## धरती के करीब तारामंडल में बन रहे नए ग्रह, जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खोला रहस्य, 20 साल में कितना बदला बीटा पिक्टोरिस




**वैज्ञानिकों ने पास के एक तारामंडल में ग्रहों को बनते हुए देखा है। ये तारामंडल फिलहाल गैस और धूल से भरा हुआ है। इसका सबसे पहले 2004 और 2005 में अवलोकन किया गया था। 63 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद इस तारामंडल में दो विशाल एस्टेरॉयड टकराए थे। अब जेम्स वेब टेलीस्कोप ने नई खोज की है।**

**वॉशिंगटनः** हमारे सौर मंडल के करीब मौजूद एक पड़ोसी तारा मंडल में विशाल एस्टेरॉइड्स के बीच में टकराव की संभावना जताई जा रही है। दो अलग-अलग अंतरिक्ष वेधशालाओं ने इसके बारे में बताया है। बीटा पिक्टोरिस तारा मंडल हमारी पृथ्वी से 63 प्रकाश वर्ष दूर है। ये इतना दूर है कि कोई भी व्यक्ति यहां अपने जीवनकाल में नहीं पहुंच सकता। अपनी नई उम्र के कारण यह लंबे समय से खगोलविदों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। हमारा सौर मंडल 4.5 अरब साल पुराना होने का अनुमान है। वहीं अगर बीटा पिक्टोरिस की बात करें तो यह सिर्फ 2 करोड़ साल पुराना है।

बाल्टीमोर में जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय की खगोलशास्त्री क्रिस्टीन चेन ने इसका कई बार अवलोकन किया है। उन्होंने कहा, 'इसका मतलब है कि यह अभी भी बन रहा है। यह आंशिक रूप से गठित ग्रह प्रणाली है, लेकिन अभी तक पूरी तरह नहीं बनी है।' चेन ने 2004 और 2005 में अब रिटायर हो चुके स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप से इसका अवलोकन किया। यहां उन्होंने दो ज्ञात विशाल गैस ग्रह देखे, जिसे बीटा पिक्टोरिस बी और सी नाम दिया गया है। तब चेन ने सिस्टम में धूल के अंदर बनते अलग-अलग ग्रह देखे।

**साल 2022 से काम कर रहा जेम्स वेब**

चेन ने कहा, 'इसलिए मैं जेम्स वेब टेलीस्कोप के जरिए 2023 में फिर इसे देखने के लिए बेहद उत्साहित थी। मैं वास्तव में ग्रह प्रणाली को अधिक विस्तार से समझने की उम्मीद कर रही थी और हम निश्चित ही ऐसा कर रहे हैं।' जेम्स वेब टेलीस्कोप साल 2022 से काम कर रहे हैं। यह उस प्रकाश को भी देख सकता है, जो इंसानी आंख से दिखाई नहीं देगा। वैज्ञानिक सुपरनोवा, एक्सोप्लैनेट और दूर की आकाशगंगाओं का अध्ययन करने के लिए स्पेस टेलीस्कोप का इस्तेमाल करते हैं।

**जेम्स वेब से देखने पर क्या मिला?**

स्पिट्जर और वेब अवलोकनों की तुलना करके चेन और उनके सहयोगियों ने महसूस किया कि 20 साल पहले उन्होंने जो डेटा कैप्चर किया था उसमें मौजूद दो प्रमुख दूल के बादल गायब हो गए थे। 10 जून को मैडिसन, विस्कॉन्सिन में अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में चेन ने इससे जुड़ा अध्ययन पेश किया। वह इस स्टडी की प्रमुख लेखक हैं। टीम का मानना है कि स्पिट्जर के डेटा लेने से पहले यहां दो एस्टेरॉयड टकराए थे। पिछले अवलोकन में यहां धूमकेतु और एस्टेरॉयड के घूमने के प्रमाण मिले थे। धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों के टकराने से धूल भले मलबे का निर्माण होता है और चट्टानी ग्रहों के निर्माण में मदद मिलती है।

## आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी भारतीय का प्रत्यर्पण, निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से लाया गया अमेरिका

**आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में आरोपी निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया है। यह अमेरिका की एक बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। फिलहाल 52 वर्षीय गुप्ता को ब्रुकलिन के मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।**




वॉशिंगटन

खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित प्लानिंग में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था। निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। लेकिन अब रिपोर्ट आई है कि अमेरिका निखिल का प्रत्यर्पण करवाने में कामयाब रहा। अमेरिका की संघीय कारागार ब्यूरो की वेबसाइट और इस मामले से जुड़े जानकारों के मुताबिक 52 वर्षीय भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से संयुक्त राज्य अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है। वर्तमान में गुप्ता को ब्रुकलिन के मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने संदेह जताया है कि गुप्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की असफल प्लानिंग में शामिल थे। पन्नू अमेरिका में रहता है और भारत विरोधी गतिविधियों को बोलने की आजादी के नाम पर अंजाम देता है। भारत के साथ-साथ पन्नू हिंदुओं को भी धमकी देता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने गुप्ता पर एक भारतीय अधिकारी के साथ मिलकर पन्नू के हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक गुप्ता पिछले साल चेक गणराज्य की राजधानी प्राग गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार किया गया था। **गुप्ता की अपील हुई खारिज** प्रत्यर्पण से बचने के लिए गुप्ता की याचिका के बावजूद चेक अदालत ने पिछले महीने उनकी अपील खारिज कर दी थी। इसके बाद चेक न्याय मंत्री को उन्हें अमेरिका भेजने का रास्ता साफ हो गया था। अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को निशाना बनाकर हत्या की साजिश रचने का दावा किया गया। इसके बाद भारत और पश्चिमी देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए। भारत सरकार ने किसी भी तरह से इस साजिश में अपना हाथ होने से इनकार किया है। **क्या बोला पन्नू?** पिछले साल सितंबर में कनाडा ने आरोप लगाया कि आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की खुफिया एजेंसी शामिल है। निज्जर की कनामा में जून 2023 में गुरुद्वारे के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरपतवंत सिंह पन्नू की बात करें तो उसके पास अमेरिका और कनाडा दोनों की ही नागरिकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक पन्नू ने कहा कि निखिल गुप्ता का प्रत्यर्पण एक सकारात्मक घटना है, लेकिन उसका मानना है कि निखिल गुप्ता सिर्फ एक सिपाही है। उसने आरोप लगाया कि निखिल गुप्ता को नियुक्त करने के लिए जिम्मेदार लोग भारत सरकार में उच्च पदों पर हैं। **भारत-अमेरिका में हो सकती है बातचीत** संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी दी थी और 15,000 डॉलर अग्रिम राशि का भुगतान किया किया था। उनका आरोप है कि भारत सरकार का एक अधिकारी भी इसमें शामिल था जिसका नाम नहीं लिया गया। गुप्ता का प्रत्यर्पण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन वार्षिक आईसीईटी संवाद के लिए नयी दिल्ली की यात्रा पर आने वाले हैं। सुलिवन अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के समक्ष इस मुद्दे को उठा सकते हैं। भारत ने इस तरह के मामले में संलिप्तता की बात खारिज की है और आरोपों की जांच शुरू करा दी है। गुप्ता ने भी अपने अटॉर्नी के माध्यम से आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उस पर पक्षपातपूर्ण तरीके से आरोप लगाए गए हैं।

## स्टेज पर फिर मूर्ति बनकर खड़े हो गए बाइडन, इस बार ओबामा ने बचाई इज्जत, स्वास्थ्य को लेकर फिर उठे सवाल?




**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वास्थ्य पर फिर सवाल उठने लगे हैं। कार्यक्रमों में उन्हें सोते या अजीबोगरीब हरकर करते हुए देखा जाता है। फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। एक बार फिर वह स्टेज पर पूरी तरह फ्रीज हो गए। लेकिन इस बार उन्हें पूर्व राष्ट्रपति ओबामा अपने साथ ले गए।**

वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ऐसी हरकते करते दिखते हैं, जिससे इस बात को लेकर सवाल उठता है कि क्या वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं या नहीं। इसके अलावा यह भी सवाल उठता है कि क्या उन्हें फिर चुनाव लड़ना चाहिए? अमेरिकी राष्ट्रपति एक बार फिर स्टेज पर फ्रीज हो गए। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें संभाला और स्टेज से ले गए। ओबामा के उन्हें संभालने का वीडियो खूब देखा जा रहा है। इससे बाइडन के स्वास्थ्य को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं। पहले भी बाइडेन के इस तरह के वीडियो सामने आते रहे हैं, जिसे देखकर लगता है कि वह चीजें भूल जाते हैं।

ओबामा के साथ बाइडन शनिवार को डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए एक फंडरेजर कार्यक्रम में थे। कार्यक्रम के अंत में लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में भीड़ ने खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाईं। तब बाइडेन किसी मूर्ति की तरह एक ही मुद्रा में खड़े रहे और लोगों को देखते रहे। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति ओबामा हंसते हुए हाथ हिलाते रहे। बाद में उन्होंने धीरे से बाइडन का हाथ पकड़ा और धीरे-धीरे अपने साथ ले जाने लगे। जब ओबामा ने उनका हाथ पकड़ा तो ऐसा लगा जैसे बाइडन नींद से जागे हों।

**ओबामा ले गए अपने साथ** पर्दे के पीछे जाने से पहले ओबामा को बाइडन की पीठ थपथपाते हुए और उनके कान में कुछ फुसफुसाते हुए देखा जा सकता है। यह सबसे नई घटना है, जिसने उनके स्वास्थ्य से जुड़ी अफवाहों को फिर से जन्म दिया है। यह घटना जी-7 शिखर सम्मेलन के कुछ दिनों बाद देखने को मिली है, जहां बाइडन बाकी नेताओं से दूर जाने लगे थे। इस दौरान बाइडन को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी वापस उनकी जगह पर लाई थीं। वहीं बाकी नेताओं ने उन्हें घेर लिया था।

**मीटिंग में सो जाते हैं बाइडन**

पिछले सप्ताह व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान बाइड एक पल के लिए फिर स्थिर हो गए थे। वीडियो फुटेज में दिख रहा था कि बाइडेन स्थिर हैं। जबकि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और बाकी लोग डांस कर रहे थे। वीडियो देखकर ऐसा लग रहा है कि बाइडन का ध्यान कहीं और है। इसके आलावा भी कई बार ऐसे मामले आए हैं, जब वह मीटिंग या कार्यक्रमों में सो जाते हैं। यही कारण है कि अमेरिका में लोग उनका मजाक बनाते हुए उन्हें 'स्लीपी जो' कहते हैं। एयरफोर्स 1 की सीढ़ियों पर वह अनगिनत बार लड़खड़ा चुके हैं।

## धरती पर हमारे साथ रह रहे एलियन, दोस्तों से मिलने यूएफओ से आते हैं? नई थ्योरी में हैरान करने वाला खुलासा

**हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एलियन से जुड़े शोध ने हर किसी को हैरान कर दिया है। इसमें थ्योरी दी गई है कि संभवतः एलियन इंसानों के बीच में रह रहे हों। वहीं यूएफओ देखे जाने को लेकर कहा गया है कि हो सकता है ये एलियन धरती पर रहने वाले अपने मित्रों से मिलने के लिए आते हों।**



**वॉशिंगटनः** हमारा ब्रह्मांड बेहद विशाल है। इंसानों के मन में हमेशा से सवाल रहा है कि क्या सिर्फ पृथ्वी पर ही जीवन है, या दूसरे ग्रहों पर भी जीवन है। इसे लेकर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन ने हम सभी को हैरान कर दिया है। इसमें कहा गया है कि संभव है कि एलियन मनुष्यों के साथ गुप्त रूप से रह रहे हैं। सुनने में ये किसी साइंस-फिक्शन फिल्म जैसा लग सकता है। शोधकर्ताओं ने साफ कहा है कि उनका पेपर एक निश्चित दावे की जगह एक विचार प्रयोग के रूप में है। दशकों से एलियन की खोज में वैज्ञानिक लगे हुए हैं। लेकिन अभी भी इसका सही जवाब नहीं मिल पाया है।

पेपर के मूल में अनुमान लगाया गया है कि यूएफओ का देखा जाना, उन एलियन से जुड़ा हो सकता है जिन्होंने हमारे ग्रह पर खुद को छिपाने की कला में महारत हासिल कर ली है। वह हो सकता है हमारे बीच में घूम रहे हों। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये जीव आपस में घुलने मिलने के लिए इंसानों का भेष धारण कर सकते हैं। हो सकता है कि ये पृथ्वी के भविष्य से आए हों या बुद्धिमान डायनासोर के वंशज हों। शोध में इस बात की संभावना जताई गई है कि एलियन अंडर ग्राउंड या फिर हमारे चंद्रमा पर रहे होंगे।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के मानव उत्कर्ष प्रोग्राम ने आगे कहा कि यूएफओ विदेशी अंतरिक्ष यान हो सकते हैं जो पृथ्वी पर रहने वाले अपने मित्रों से मिलने आते हैं। इस स्टडी का उद्देश्य यूएफओ देखे जाने से जुड़ा एक वैकल्पिक अपरंपरागत स्पष्टीकरण प्रदान करना था। इसने ऐसी थ्योरी बताई, जो संभवतः इनसे जुड़ी हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पेपर में क्रिप्टोटेरेस्ट्रियल शब्द का इस्तेमाल किया है। इसका मतलब ऐसे काल्पनिक जीवों से होता है, जो इंसानों के बीच रहते हैं, लेकिन उनका किसी को पता नहीं होता।

**एलियन से जुड़ी चार थ्योरी आई सामने** पहले सिद्धांत का मानना है कि अत्यधिक उन्नत प्राचीन मानव सभ्यता, जो बाढ़ जैसी विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं से काफी हद तक नष्ट हो गई थी वह अभी भी किसी रूप में मौजूद हो सकती है। दूसरे विचार के हिसाब से एक गैर मानव समाज संभवतः जमीन के नीचे रहता है और संभवतः स्थलीय प्राणियों से विकसित हुआ है। ये प्राणी बुद्धिमान डायनासोर या वानरों जैसे दिखने वाले होमिनिड के वंशज हो सकते हैं। तीसरे विचार के मुताबिक एलियन चंद्रमा या किसी और ग्रह पर विकसित हुए और वहां से धरती पर आ गए। ये प्राणी मानव समाज में रहते हुए लोगों की नजरों से छिपे रह सकते हैं। चौथी थ्योरी के मुताबिक ये प्राणी पृथ्वी पर रहने वाले स्वर्गदूतों से मिलते जुलते हैं, जिनका मनुष्यों से तकनीक की जगह जादुई संबंध है। जैसे परियों या बौनों की कहानियों में सुना होगा।

## दूसरे विश्वयुद्ध में क्रैश हुआ फिनलैंड का विमान 80 साल बाद खोजा गया, गहरे समुद्र में 'सही सलामत' मिला

**दूसरे विश्वयुद्ध से जुड़े एक रहस्य का खुलासा हो गया है। फिनलैंड के एक विमान को बाल्टिक सागर के ऊपर सोवियत सेना के बमवर्षकों ने तबाह कर दिया था। इसके मलबे की लोकेशन के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन अब कुछ गोताखोरों ने इसे खोज निकाला है।**




हेल्सिंकी

दूसरे विश्वयुद्ध से जुड़े एक रहस्य का खुलासा अब हो गया है। दूसरे विश्वयुद्ध में फिनलैंड का एक विमान बाल्टिक सागर के ऊपर सोवियत बमवर्षकों की ओर से मार गिराया गया था। इससे जुड़ा रहस्य 80 वर्षों के बाद सुलझता हुआ दिख रहा है। जून 1940 में विमान अमेरिकी और फ्रांसीसी राजनयिक कूरियर ले जा रहा था। तब सोवियत संघ की ओर से बाल्टिक देशों पर कब्जा करने से कुछ ही दिन पहले इसे मार गिराया गया था। विमान में सवार सभी नौ लोग मारे गए, जिनमें फिनिश चालक दल के दो सदस्य और सात यात्री शामिल थे। एक अमेरिकी राजनयिक, दो फ्रेंच, दो जर्मन, एक स्वीडिश और एक एस्टोनियाई फिनिश नागरिक इसमें मारे गए। एस्टोनिया में एक गोताखोरी और बचाव दल ने इस सप्ताह कहा कि उन्हें फिनिश एयरलाइन एयरो, जो अब फिनएयर कहलाता है कि ओर से संचालित जंकर्स जू 52 विमान के अच्छी तरह से संरक्षित हिस्से और मलबा मिला है। यह एस्टोनिया की राजधानी तेलिन के पास एक छोटे द्वीप के करीब 70 मीटर की गहराई में पाया गया है **विमान पर कब हुआ था हमला** एस्टोनियाई गोताखोरी और अंडरवाटर सर्वे कंपनी टुक्रिटूड ओयू के प्रवक्ता कैडो पेरेमीज ने विमान के अवशेषों को खोजने में समूह की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमने शून्य से शुरुआत की और खोज के लिए बिल्कुल अलग दृष्टिकोण अपनाया। एस्टोनिया से फिनलैंड के रास्ते में कालेवा नाम के नागरिक विमान को मार गिराने की घटना 14 जून 1940 को हुई। इससे तीन महीने पहले फिनलैंड और मॉस्को के बीच एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।

## मलावी के उपराष्ट्रपति का शव ले जा रहे काफिले में हादसा, कार ने भीड़ को कुचला, 4 की मौत और 15 घायल

**मलावी के उपराष्ट्रपति की एक प्लेन हादसे में मौत हो गई थी। उनके अंतिम संस्कार के काफिले में शामिल एक वाहन हादसे का शिकार हुआ है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं 12 लोग घायल हो गए हैं। भीड़ से बचने के चक्कर में वाहन भीड़ में जा घुसा था।**



लिलोंग्वे

मलावी के दिवंगत उपराष्ट्रपति के अंतिम संस्कार में एक बड़ा हादसा देखने को मिला है। अंतिम संस्कार के काफिले में शामिल एक वाहन ने रविवार रात एक गांव में शोक मनाने वालों को कुचल दिया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए। मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा की इसी सप्ताह एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनके साथ 9 अन्य लोग भी मारे गए थे। उनके पार्थिव शरीर को ले जा रहे काफिले में ही यह वाहन शामिल था। वाहन मध्य मलावी के नत्चेउ गांव में भीड़ में घुस गया।

सोमवार को अंतिम संस्कार से पहले सौलोस चिलिमा का शव उनके गांव एनसिपे ले जाया जा रहा था। इस काफिले में कार, अन्य सैन्य , पुलिस और नागरिक वाहन शामिल थे। राजधानी लिलोंग्वे से 180 किलोमीटर दक्षिण में उनका गांव है। उनके निधन पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि हादसे के कारण दो महिला और दो पुरुष पैदल यात्रियों के सिर में गंभीर चोटें आईं और कई फ्रेक्चर हुए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**भीड़ से हटने के चक्कर में हुआ हादसा** न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस प्रवक्ता पीटर कलाया ने कहा कि 12 अन्य लोग घायल हुए हैं। उपराष्ट्रपति के ताबूक की झलक पाने के लिए हजारों लोग सड़कों पर खड़े थे। एएफपी को एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि भीड़ से दूर जाने की कोशिश में वाहन भीड़ में ही जा घुसा। चिलिमा की पार्टी के प्रवक्ता फेलिक्स नजावाला ने कहा कि रास्ते में कुछ जगह तनाव था। क्योंकि शोक मनाने वाले लोग चाहते थे कि जुलूस को रोका जाए, ताकि वे ताबूत को देख सकें। गजब ! मुंबई एयरपोर्ट पर एक ही रनवे पर दो विमान, एक की लैंडिंग तो दूसरा उड़ने को तैयार, बड़ा हादसा होते बचा

**प्लेन हादसे के जांच की मांग**

एएफपी को उन्होंने बताया, 'डेडजा में लोगों ने सड़क अवरुद्ध कर दी और ताबूत देखने की मांग करने लगे। जब काफिला रुका तब जाकर लोग शांत हुए और काफिला आगे बढ़ सका।' उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में लोगों ने काफिले पर पथराव भी किया। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पार्टी समर्थकों को कई सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। उन्होंने उनसे शांति बनाए रखने का आह्वान किया। गुरुवार को पार्टी ने प्लेन क्रैश की जांच की मांग की। चिलिमा सोमवार को आठ अन्य लोगों के साथ एक विमान हादसे में मारे गए। विमान घने कोहरे के कारण मलावी के जंगल में क्रैश हुआ।

## धरती पर हमारे साथ रह रहे एलियन, दोस्तों से मिलने यूएफओ से आते हैं? नई थ्योरी में हैरान करने वाला खुलासा

***हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एलियन से जुड़े शोध ने हर किसी को हैरान कर दिया है। इसमें थ्योरी दी गई है कि संभवतः एलियन इंसानों के बीच में रह रहे हों। वहीं यूएफओ देखे जाने को लेकर कहा गया है कि हो सकता है ये एलियन धरती पर रहने वाले अपने मित्रों से मिलने के लिए आते हों।***




*वॉशिंगटनः*

*हमारा ब्रह्मांड बेहद विशाल है। इंसानों के मन में हमेशा से सवाल रहा है कि क्या सिर्फ पृथ्वी पर ही जीवन है, या दूसरे ग्रहों पर भी जीवन है। इसे लेकर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन ने हम सभी को हैरान कर दिया है। इसमें कहा गया है कि संभव है कि एलियन मनुष्यों के साथ गुप्त रूप से रह रहे हैं। सुनने में ये किसी साइंस-फिक्शन फिल्म जैसा लग सकता है। शोधकर्ताओं ने साफ कहा है कि उनका पेपर एक निश्चित दावे की जगह एक विचार प्रयोग के रूप में है। दशकों से एलियन की खोज में वैज्ञानिक लगे हुए हैं। लेकिन अभी भी इसका सही जवाब नहीं मिल पाया है।*

*पेपर के मूल में अनुमान लगाया गया है कि यूएफओ का देखा जाना, उन एलियन से जुड़ा हो सकता है जिन्होंने हमारे ग्रह पर खुद को छिपाने की कला में महारत हासिल कर ली है। वह हो सकता है हमारे बीच में घूम रहे हों। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये जीव आपस में घुलने मिलने के लिए इंसानों का भेष धारण कर सकते हैं। हो सकता है कि ये पृथ्वी के भविष्य से आए हों या बुद्धिमान डायनासोर के वंशज हों। शोध में इस बात की संभावना जताई गई है कि एलियन अंडर ग्राउंड या फिर हमारे चंद्रमा पर रहे होंगे।*

***दोस्तों से मिलने आते हैं एलियन!***

*हार्वर्ड विश्वविद्यालय के मानव उत्कर्ष प्रोग्राम ने आगे कहा कि यूएफओ विदेशी अंतरिक्ष यान हो सकते हैं जो पृथ्वी पर रहने वाले अपने मित्रों से मिलने आते हैं। इस स्टडी का उद्देश्य यूएफओ देखे जाने से जुड़ा एक वैकल्पिक अपरंपरागत स्पष्टीकरण प्रदान करना था। इसने ऐसी थ्योरी बताई, जो संभवतः इनसे जुड़ी हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पेपर में क्रिप्टोटेरेस्ट्रियल शब्द का इस्तेमाल किया है। इसका मतलब ऐसे काल्पनिक जीवों से होता है, जो इंसानों के बीच रहते हैं, लेकिन उनका किसी को पता नहीं होता।* ***एलियन से जुड़ी चार थ्योरी आई सामने*** *पहले सिद्धांत का मानना है कि अत्यधिक उन्नत प्राचीन मानव सभ्यता, जो बाढ़ जैसी विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं से काफी हद तक नष्ट हो गई थी वह अभी भी किसी रूप में मौजूद हो सकती है। दूसरे विचार के हिसाब से एक गैर मानव समाज संभवतः जमीन के नीचे रहता है और संभवतः स्थलीय प्राणियों से विकसित हुआ है। ये प्राणी बुद्धिमान डायनासोर या वानरों जैसे दिखने वाले होमिनिड के वंशज हो सकते हैं। तीसरे विचार के मुताबिक एलियन चंद्रमा या किसी और ग्रह पर विकसित हुए और वहां से धरती पर आ गए। ये प्राणी मानव समाज में रहते हुए लोगों की नजरों से छिपे रह सकते हैं। चौथी थ्योरी के मुताबिक ये प्राणी पृथ्वी पर रहने वाले स्वर्गदूतों से मिलते जुलते हैं, जिनका मनुष्यों से तकनीक की जगह जादुई संबंध है। जैसे परियों या बौनों की कहानियों में सुना होगा।*

# जवां रहें हमेशा

**जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, महिलाओं की युवा दिखने की इच्छा भी उसी रफ्तार से बढ़ने लगती है। वे तीस की उम्र में बीस की दिखना चाहती हैं, चालीस की उम्र में तीस की और पचास की उम्र में चालीस की। क्या सचमुच ये संभव है? और वे कौन-सी चीजें हैं जो महिलाओं को उम्र दर उम्र युवा बनाए रख सकती हैं?**



हमेशा जवां दिखने की इच्छा यों तो हर इंसान में होती है, लेकिन महिलाओं में यह इच्छा कुछ ज्यादा ही प्रबल होती है। कभी मेकअप से, कभी कपड़ों से तो कभी अपने व्यवहार से खुद को युवा बनाए रखने का प्रयास लगातार जारी रहता है। कभी उनका यह प्रयास सफल होता है और कभी इसका असर उल्टा पड़ जाता है। वास्तव में महिलाओं की उम्र चार चीजों से झलकती है। वे कैसा मेकअप करती हैं, उनकी ड्रेसिंग कैसी है, उनका खानपान किस तरह का है और उनका व्यवहार क्या है। आइये जानें कि उम्र के अलग-अलग पड़ावों पर आप किस तरह खुद को युवा बनाए रख सकती हैं -

## तीस की उम्र में बीस की चाहत

बेशक तीस साल की महिलाओं को युवा ही माना जाता है, लेकिन फिर भी तीस की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते उम्र अपना असर दिखाने लगती है। और इसी उम्र में यह इच्छा पैदा होती है कि आप खुद को बीस साल की युवती की तरह दिखाएं, यानी देखने वाले को आपकी उम्र का जरा भी इल्म ना हो। अगर आप अपनी उम्र को दस साल पीछे धकेलना चाहती हैं तो आपको इन चार बातों पर खास ध्यान देना होगा।

### आपकी ड्रेसिंग हो जवां

महिला की उम्र की चुगली करने में सबसे पहले ड्रेसिंग आती है। यानी आपकी ड्रेसिंग से ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपकी उम्र क्या है। तो तीस की उम्र में बीस का दिखने के लिए ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? फैशन डिजाइनर निकेत कहते हैं, उम्र चाहे कोई भी हो अपने शरीर की संरचना के हिसाब से ही कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। आप घुटने तक लंबी स्कर्ट, लंबी कुर्ती और स्लीव के साथ कॉरसेट को अपने वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं। अपने कपड़ों के लिए सूती और खादी के फैब्रिक का चुनाव करें। इस उम्र में साड़ी भी एक अलग लुक देती है। आप क्रेप, कॉटन, सिल्क, खादी, वीवर जैसे फैब्रिक की साडियां पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक यंग और मेच्योर नजर आएगा। रंगों में भी आपको डार्क रंगों को चुनाव करना चाहिए।

### मेकअप बोलेगा कितनी यंग हैं आप

मेकअप आर्टिस्ट नैना अरोड़ा बताती हैं कि तीस की उम्र में आपकी स्किन चमकदार और टाइट होती है। ऐसे में मेकअप के साथ प्रयोग किए जा सकते हैं। अपनी त्वचा की रंगत और त्वचा की प्रकृति को ध्यान में रखकर ही अपने लिए मेकअप का चुनाव करें। ट्रेंड को आंख मूंदकर अपनाने की जगह, ऐसा मेकअप करें जो आपके ऊपर अच्छा दिखे। मेकअप करने के लिए आप गहरे रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### खानपान के समझें इशारे

बीएलके अस्पताल की चीफ डाइटिशियन सुनीता रॉय चौधरी का कहना है कि तीस की उम्र में बीस का दिखने के लिए एक्सरसाइज करें। हर दिन टहलें, साइकलिंग और जॉगिंग भी करें। ताजा और ज्यादा फाइबर वाला खाना आपको जवां रखने में मदद करेगा।

### युवा हो आपका व्यवहार

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर नीलम कुमार बोहरा का मानना है कि तीस की उम्र में महिलाओं को तनाव का सामना सबसे ज्यादा करना होता है। घर, परिवार और ऑफिस की कई जिम्मेदारियां तनाव को और बढम देती हैं। यह तनाव चेहरे से झलकने लगता है। तनाव से दूर रहने और युवा दिखने के लिए छोटे- छोटे लक्ष्य बनाएं, सकारात्मक दोस्त बनाएं, ना कहना सीखें और नये रिश्तों को समझदारी और व्यवहारिकता के साथ संभालें।

## चालीस की उम्र रहिए प्यार में

**ड्रेसिंग को भी दें महत्व** - चालीस की उम्र, वह पड़ाव है जब आप उम्र के दोराहे पर खड़े होते हैं। ऐसे में युवा दिखने के लिए कपड़ों में फ्यूजन को अपनाएं। कफ्तान स्टाइल के ट्यूनिक, लॉन्ग जैकेट और वेस्ट कोट पहनें। रंगों के चुनाव में हल्के और गाढ़े के साथ पेस्टल रंगों का चुनाव करें।

**मेकअप बोलेगा, आपकी उम्र का राज नहीं खोलेगा** - 40 की उम्र में आपके चेहरे पर फाइन लाइंस और बढ़ती उम्र के निशान दिखने लगते हैं। इसलिए इस उम्र में मेकअप का चुनाव बहुत सोच-समझ कर करना चाहिए। अपने व्यक्तित्व, रंग और स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए मेकअप करें।

**खाना यानी उम्र छिपाना** - 40 की उम्र में आमतौर पर महिलाओं का लाइफस्टाइल काफी बदल जाता है। महिलाओं का वजन भी बढ़ जाता है। इस उम्र में भी खुद को जवां रखने के लिए अपने लाइफ स्टाइल को सक्रिय बनाएं। तीन बड़े और तीन छोटे मील लें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ युक्त डाइट जैसे जूस, लस्सी, दूध, दही, फल, सलाद आदि लें। चाय-कॉफी से दूर रहें।

**नये शौक बदलेंगे आपका व्यवहार** - सकरात्मक सोच रखें। यह सोच आपको युवा रखने में मदद करेगी। अगर आपके कुछ पुराने शौक हैं तो यह उम्र है उन्हें बढ़ाने और पूरा करने की। अगर शौक नहीं है तो आप नए शौक पैदा करें। नए दोस्त बनाएं, समारोह में हिस्सा लें और उम्र को खुद पर हावी न होने दें।

## 50 में खुद से करना सीखें प्यार

**अब भी अहम है ड्रेसिंग** - 50 की उम्र तक आते-आते आपकी उम्र कहीं ना कहीं झलकने लगती है। ऐसे में आपके कपड़े आपकी उम्र के राज को छुपाने में काफी मददगार साबित होते हैं। इस उम्र में ट्रेंडी, फैशनेबल और युवा दिखने के लिए लंबे एंकल लैंथ के ट्यूनिक पहनें। लंबे प्लाजो और टयूनिक के साथ स्कार्फ का विकल्प भी अच्छा है। इस उम्र में रंगों का चुनाव करते वक्त ध्यान रखें। हल्के रंग इस उम्र में भी आपको जवां दिखने में मदद कर सकते हैं।

**मेकअप, जरा सावाधानी से** - 50 की उम्र में मेकअप के लिए खासा सावधान रहने की जरूरत होती है। ज्यादा मेकअप आपके चेहरे की पतली रेखाओं में भर जाता है, जिससे चेहरे की झुर्रियां और स्पष्ट नजर आने लगती हैं। इसलिए इस उम्र में हल्का और लिक्विड मेकअप इस्तेमाल करें। मैट और हल्के रंगों का ही चुनाव करें। ज्यादा ग्लॉसी या गाढ़े रंगों से दूर रहें। आईलाइनर पेंसिल वाला इस्तेमाल करें और आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए मस्कारा जरूर लगाएं।

**जरूरी है इस उम्र में सही डाइट** - 50 की उम्र तक आप हड्डियों और दिल की बीमारियों का शिकार होने लगती हैं। इस उम्र महिलाओं में फीमेल हार्मोन भी कम हो जाते हैं। ऐसे में उम्र की झलक दिखाई देने लगती है। लेकिन सही खान-पान और व्यायाम आपको इस उम्र में भी युवा दिखने में मदद करते हैं। ओट्स, व्हीट फ्लैक्स, स्प्राउट, ताजे फल जैसे पपीता, तरबूज उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। हल्का और तरल आहार लें। समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट करवाती रहें। साथ ही हल्का व्यायाम भी करें।

### खुद पर दें ध्यान

यह उम्र खुद से प्यार करने की है। यह ना सोचें कि आपने जो करना था सो कर लिया, और अब इस उम्र में क्या करना? वास्तव में यही वह उम्र है, जब आपको अपने बारे में सोचना चाहिए। अपनी निजी जिंदगी पर ध्यान दें, बच्चों को उनकी लाइफ एन्ज्वॉय करने दें और आप अपनी जिंदगी को अपने हिसाब से जिएं। नई चीजों के लिए पहल करें, हंसी-मजाक करें और घूमने-फिरने के लिए बाहर जाएं। बेशक उम्र का असर इंसान के शरीर पर होता ही है, लेकिन एक बात मान कर चलें कि उम्र सिर्फ एक मनःस्थिति है। लिहाजा उम्र को अपने मन- मस्तिष्क पर हावी न होने दें। उम्र को परास्त करने के लिए और हमेशा युवा दिखने का एकमात्र यही मंत्र है। खुश रहें और युवा दिखें।



# बढ़ता क्रेज नियॉन मेकअप का

**अगर हम कपड़ों में भड़कीले रंगों का प्रयोग कर सकते हैं तो मेकअप में क्यों नहीं! अगर सही तरीका मालूम हो तो प्रयोग करने में कोई गुरेज नहीं है। इस सीजन में नियॉन मेकअप में आई शैडोज और होंठों के लिए हॉट पिंक, पीच या नारंगी रंग का खुलकर इस्तेमाल कर सकती हैं।**



आई शैडोज में लाइम ग्रीन, फिरोजा और कलर्ड लाइनर के साथ प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। सही तरीका हमेशा त्वचा की रंगत को ध्यान में रखकर रंगों का चयन करें। गोरी रंगत पर कोई नियॉन शेड फबता है और इसका बखूबी प्रयोग किया जा सकता है। जबकि गेहुएं और सांवली रंगत पर वॉर्म टोन जैसे ऑरेंज-पीच ब्लश चलते हैं। गहरी रंगत पर चटख शेड के लिप कलर्स मसलन शॉकिंग पिंक बहुत अच्छे लगते हैं।

- कोई भी मेकअप करने से पहले त्वचा को नमी पहुंचाना जरूरी है। मॉयस्चराइजर लगाने के बाद प्राइमर लगाएं। इसके फाउंडेशन लगाने के बाद त्वचा चमकदार दिखती है।
- इसके बाद दाग-धब्बों को छिपाने के लिए कंसीलर लगाएं। त्वचा की रंगत से एक शेड गहरा फाउंडेशन का हलका टच दें।
- इस बात का ध्यान रखें कि अगर आंखों पर बोल्ड आई शैडो का इस्तेमाल कर रही हैं तो होंठों और गाल (चीक्स) के मेकअप के लिए मीडियम शेड चुनें।
- अगर आई शैडो भूरे या बेज रंग का है तो होंठों पर कोरल शेड की लिपस्टिक लगाएं।
- नियॉन मेकअप के साथ सफेद, काले, बेज और सलेटी रंग के परिधान जंचते हैं।
- इस मेकअप के साथ हेयरस्टाइल में ट्रेंडी ब्रेड, साइड ब्रेडिंग या साइड पोनीटेल बहुत अच्छी लगती है।

# ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक

**सही ड्रैस का चुनाव जितना महत्वपूर्ण है उतना ही खास है कलर सिलैक्शन। फैशन की दुनिया में कलर्स की भी बहुत ज्यादा अहमियत होती है। कलर की बात हो तो सबसे ज्यादा ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक...परफैक्ट ड्रैस वह है जो दिखने में आकर्षक, पहनने में कम्फर्टेबल, स्टाइलिश और फैशन के अनुसार हो और साथ ही आप में कॉन्फीडैंस भी जगाती हो। आपकी ड्रैसिंग सैंस आपकी इमेज को भी जाहिर करती है।**



हमें हमेशा यही कन्फ्यूजन बना रहता है कि कौन-सा कलर और ड्रैस पहनें कि हर तरफ बस हम ही छा जाएं और सभी सिर्फ हमारे ही ड्रैसिंग सैंस की तारीफ करें। सही ड्रैस का चुनाव जितना महत्वपूर्ण है उतना ही खास है कलर सिलैक्शन। फैशन की दुनिया में कलर्स की भी बहुत ज्यादा अहमियत होती है। कलर की बात हो तो सबसे ज्यादा ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक...परफैक्ट ड्रैस वह है जो दिखने में आकर्षक, पहनने में कम्फर्टेबल, स्टाइलिश और फैशन के अनुसार हो और साथ ही आप में कॉन्फीडैंस भी जगाती हो। आपकी ड्रैसिंग सैंस आपकी इमेज को भी जाहिर करती है। आपके ड्रैसिंग स्टाइल से ही आपके टेस्ट और सोच के बारे में लोग अनुमान लगाते हैं। कोई भी शख्स आपके पहनावे से ही आपका पहला इम्प्रैशन लेता है। आप अगर लोगों को अपनी ड्रैसिंग सैंस का कायल बनाना चाहती हैं तो उन्हें इम्प्रैस करने के लिए सही ड्रैस और स्टाइल का चुनाव करना बेहद जरूरी है। चाहे कॉलेज गोइंग हों या वर्किंग वूमन, सभी स्मार्ट और प्रैजैंटेबल दिखना चाहती हैं। इसके लिए आपको महंगे ब्रांडेड कपड़ों के पीछे दौडने की जरूरत नहीं है, आप वही खरीदें, जो ट्रैंड में चल रहा हो और आप पर जंचे। कम खर्च में आप अच्छी लगें तो क्या कहना। फैशन और ट्रैंड का जिक्र आते ही जो पहला कलर जेहन में आता है वह है ब्लैक। सीजन कोई भी हो, फैशन के चाहवानों की चाहत ब्लैक के लिए कभी कम नहीं होती है। फैशनपरस्त लोगों की पहली पसंद इन दिनों ब्लैक कलर की ड्रैसेस बन चुकी है। ब्लैक कलर हॉट फैशन स्टेटमैंट बन चुका है। शादी, रिसैप्शन, डांस पार्टी, कॉकटेल पार्टी, बर्थडे पार्टी या फिर कोई फैमिली फंक्शन हो, सभी जगह ब्लैक का ही जादू छा रहा है। ब्लैक ऐसा कलर है जो फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों पर पहना जा सकता है। ब्लैक की खासियत है कि ट्रैंड और स्टाइल भले ही चेंज हो जाएं पर ब्लैक कभी आऊटडेटेड नहीं होता। जिन लड़कियों का रंग गोरा है, वे तो ब्लैक में और भी कयादा खूबसूरत दिखती हैं। ब्लैक कलर पहनने से दुबले दिखाई देते हैं, क्योंकि डार्क कलर पर लाइट रिफ्लैक्शन होता है इसलिए भी ब्लैक कलर का क्रेज सभी ऐज ग्रुप्स में सबसे ज्यादा देखने को मिलता है।

### पार्टी वियर

आप को कभी भी अचानक किसी पार्टी में जाना पड़ सकता है इसलिए आप अपनी वॉर्डरोब में एक ब्लैक कलर का ड्रैस जरूर रखे। पार्टी वियर में तो ज्यादातर लोग ब्लैक कलर ही पसंद करते हैं। ब्लैक ग्लैमरस पार्टी कलर है इसलिए यह कलर किसी भी पार्टी में जाने के लिए फिट है। अगर आप नाइट लाइफ पर्सन हैं तो ब्लैक कलर आपके लिए बैस्ट है। यह आप पर सबसे ज्यादा सूट करेगा। वैसे तो ब्लैक ड्रैस में ही आप ग्लैमरस दिख सकती हैं लेकिन अगर आप ज्यादा हॉट एंड सैक्सी लुक चाहती हैं तो स्लैश और फॉल नैक को हाफ कट स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। ब्लैक में आप अगर इंडियन ड्रैस पहनना चाहती हैं तो वर्क वाली साडियों और डिजाइनर सूट्स एवं कुर्तियों की मार्कीट में खूब भरमार है। अगर आप स्लिम हैं तो ब्लैक शॉर्ट आऊटफिट पहन कर आप बन जाएगी सैक्सी बेब।

### प्रोफैशनल वियर

अगर आप प्रोफैशनल हैं तो भी ब्लैक आपके लिए उपयुक्त कलर है। ऑफिस वियर में आप ब्लैक ट्राऊजर और साथ में व्हाइट, रैड, ग्रीन, ब्ल्यू, लैमन, पिंक, मोव किसी भी एलीगैंट कलर की शर्ट्स पहन सकती हैं। जब मौका हो किसी स्पैशल प्रैजेंटेशन का या इम्पॉर्टैंट मीटिंग का, तब आप ब्लैक एग्जीक्यूटिव स्कर्ट और ब्लेजर पहनकर सबको अपने काम के साथ-साथ अपने स्टाइल से भी इम्प्रैस कर सकती हैं।

### एक्सैसरीज

एक्सैसरीज आपको सैंसेशनल लुक देती हैं। खूबसूरत और मौके के अनुसार पहनी हुई एक्सैसरी आपकी लुक में स्टाइल जोड़ती है और व्यक्तित्व को उभारती है। आप ब्लैक के साथ ब्लैक के विभिन्न शेड्स की एक्सैसरीज भी इस्तेमाल कर सकती हैं और कन्ट्रास्ट कलर्स की भी। यदि आप किसी फंक्शन में जा रही हैं और बैकलैस ड्रैस पहन रही हैं तो बैक पर टैटू बनवा सकती हैं। अगर आपकी ड्रैस का नैक डीप है तो गले में एक बड़ा स्टोन पैंडैंट पहन सकती हैं। इसे पतली चेन या ट्रांसपेरैंट थ्रैड में पहनें तो बढ़िया लगेगा। ब्लैक ड्रैस के साथ आप पर्ल या स्टोन की हल्की ज्यूलरी कैरी कर सकती हैं। ऑफिस के लिए ब्लैक पर्ल अच्छा ऑप्शन है, तो पार्टी में स्टोन ज्यूलरी ट्राई करें।

### हैंडबैग

पर्स रखना फैशन से ज्यादा जरूरत बन चुका है। ऑफिस के लिए ब्लैक लैदर हैंडबैग सही रहता है। खूबसूरत ब्लैक पर्स आपके लुक को और आकर्षक बना देगा। इसमें आप अपना जरूरी सामान भी कैरी कर सकती हैं और साथ ही ये देखने में गुड लुकिंग भी होते हैं। ईवनिंग फंक्शंस में क्लासी बैग न सिर्फ पॉलिश्ड लुक देगा बल्कि आपकी लुक को भी डायनामिज्म प्रदान करेगा।

### फुटवियर

ऑफिशियल आऊटफिट्स के साथ लैदर के ब्लैक शूज या ब्लैक बैलीज कंफर्टेबल रहती हैं और सुंदर भी दिखती हैं। साड़ी या सूट जैसी इंडियन ड्रैस के साथ खूबसूरत स्टोन या एम्ब्रॉयड्री वाले फुटवियर आपके लुक को और ग्लैमरस और एलिगैंट बना देंगे। वैस्टर्न शॉर्ट ड्रैसेज के साथ ब्लैक कलर के हाई हील्स या डिजाइनर सैंडल आपको हॉट लुक देंगे।

# गौतम गंभीर के हेड कोच बनते ही इन चार दिग्गजों की टीम इंडिया से विदाई तय, BCCI ने मान ली ये 5 शर्तें




**वनडे, टेस्ट और टी-20 तीनों फॉर्मेट में भारत के कोच होंगे और जुलाई से शुरू हो रहे जिम्बाब्वे दौरे से उनके कार्यकाल का 'श्रीगणेश' हो जाएगा। गंभीर ने पहले बीसीसीआई के सामने पांच शर्तें रखी थी, जिसके मानने के बाद ही उन्होंने कोच पद के लिए सहमति जताई।**

**नई दिल्ली:** भारतीय मेंस क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर की नियुक्ति लगभग पक्की हो गई है। वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ का अनुबंध मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद खत्म हो जाएगा। ऐसे में पूरी संभावना है कि जून के आखिरी हफ्ते में बीसीसीआई गंभीर की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा कर देगा। मीडिया सूत्रों की माने तो गौतम गंभीर अपनी शर्तों पर हेड कोच बनने के लिए तैयार हुए हैं। उन्होंने बीसीसीआई के सामने कुछ डिमांड रखी, जिसे बोर्ड ने स्वीकार किया उसके बाद ही 2007 और 2011 वर्ल्ड कप चैंपियन प्लेयर ने हामी भरी।

**गौतम गंभीर की 5 शर्त** टीम इंडिया पर चाहिए पूरा कंट्रोलसपोर्ट कोचिंग स्टाफ चुनने की आजादी CT25 सीनियर प्लेयर्स का आखिरी मौका टेस्ट की टीम इंडिया पूरी तरह अलग 2027 वर्ल्ड कप के लिए रोडमैप तैयार गौतम गंभीर की पांच शर्त गंभीर की एंट्री से इन 4 प्लेयर्स की छुट्टी

42 वर्षीय गौतम गंभीर की देखरेख, मेंटॉरशिप में ही कोलकाता नाइटराइडर्स 10 साल का सूखा खत्म करने में कामयाब रहा था और 2014 के बाद पहली बार और कुल तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। अब जब गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बनने जा रहे हैं तो इतना तय है कि टीम में बड़े बदलाव होंगे। आक्रामक रवैये वाले दिल्ली के इस पूर्व खिलाड़ी के आने के बाद इन चार खिलाड़ियों की छुट्टी तय है। विराट कोहली- तीनों फॉर्मेट में रनों का अंबार लगा चुके विराट कोहली भारत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शुमार हैं। 2008 में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले विराट ने भारत को कई मैच जिताए हैं। गौतम गंभीर का मानना है कि अब विराट को सिर्फ टेस्ट और वनडे फॉर्मेट पर ही फोकस करना चाहिए। टी-20 में नए खिलाड़ियों को मौका मिलने की जरूरत है।रोहित शर्मा- मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के लिए 2007 में डेब्यू किया था। विराट की कप्तानी छोड़ने के बाद उन्हें कैप्टन बनाया गया।



# रोहित शर्मा ने 'दुश्मनी' भूल कैसे हार्दिक पंड्या की मदद की, कुंग फू पांडा के फॉर्म में लौटने की इनसाइड स्टोरी!

**भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 में पहुंच गई है। उसने लीग चरण में 3 मैच खेले और तीनों में हार्दिक पंड्या ने गेंद से जबरदस्त प्रदर्शन किया। आईपीएल में वह बुरी तरह फेल रहे थे। हर कोई जब उनके टीम में सिलेक्शन के खिलाफ था तो रोहित शर्मा उनका सपोर्ट कर रहे थे।**

**मियामी:** हार्दिक पंड्या की पर्सनल लाइफ और व्यवहार को लेकर किसी की कोई भी राय हो, लेकिन जब मैदान पर प्रदर्शन और मैच जिताने की बात होती है तो हर कोई एक पेज पर होता है। माना जाता है कि अगर हार्दिक पंड्या 100% प्रदर्शन करते हैं तो टीम इंडिया न केवल मैच जीत सकती है, बल्कि टूर्नामेंट भी अपने नाम कर सकती है। हालांकि, यह अभी तक सिर्फ आईपीएल में ही देखने को मिला है। 2021 टी20 विश्व कप में वह टीम के सबसे कमजोर कड़ी साबित हुए थे तो 2022 में भी प्रदर्शन बहुत करिश्माई नहीं रहा था, लेकिन इस बार वह गेंद से कमाल करते दिख रहे हैं और कमी सिर्फ बल्ले से कुछ अच्छे रनों की है।

इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 में रोहित शर्मा को कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस में उन्होंने रिप्लेस किया था। इस वजह से दोनों के बीच दरार की खबरें सामने आई थीं। पांच बार की चैंपियन टीम के आईपीएल में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी और भी आलोचना हुई। एक बड़ा धड़ा तो उनके सिलेक्शन के भी खिलाफ था। रिपोर्ट आई कि हार्दिक पंड्या के सिलेक्शन को लेकर सिलेक्टर्स के बीच काफी डिस्कशन भी हुआ। इसके बाद उनकी निजी जिंदगी भी खबरों में रही। हालांकि, बीसीसीआई, कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार ऑलराउंडर पर भरोसा बनाए रखा। यही वजह है कि अब धीरे-धीरे हार्दिक अपनी लय हासिल कर रहे हैं। अब तक खेले गए तीन विश्व कप मैचों में पंड्या ने 2-24, 3-27 और 2-14 के बॉलिंग आंकड़े दर्ज किए हैं। उन्होंने मुश्किल ओवरों में गेंदबाजी करने की शानदार क्षमता दिखाई है और पाकिस्तान के खिलाफ 17वां ओवर डाला, जो मैच के हिसाब से टर्निंग पॉइंट कहा जा सकता है। टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे हार्दिक के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। महाम्ब्रे ने कहा- उसे अपनी क्षमता पर भरोसा है। कभी-कभी किसी टूर्नामेंट (आईपीएल) में लय नहीं होती है, कभी-कभी कोशिश करने पर भी लय नहीं आती है। इसमें समय लगता है।

# टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 मैचों का शेड्यूल, टीम लिस्ट, वेन्यू, स्टेडियम, डेट और टाइम




**टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 का शेड्यूल तय हो गया है। नेपाल को हराकर बांग्लादेश सुपर-8 में पहुंचने वाली आखिरी टीम बनी। वह भारत के ग्रुप में है और उसका रोहित सेना से एक मुकाबला भी होगा। बता दें कि 8 टीमों को सुपर-8 में दो ग्रुप में बांटा गया है।**

**नई दिल्ली:** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 का शेड्यूल अब सामने आ गया है। दो ग्रुप में 8 टीमें सेमीफाइनल के लिए फाइट करेंगी। ग्रुप-1 में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप-2 में अमेरिका के अलावा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका हैं। टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के मुकाबले 19 जून से खेले जाएंगे। ये सभी कैरेबियाई धरती पर होंगे। बता दें कि सुपर-8 में पहुंचने वाली बांग्लादेश आखिरी टीम रही। उसने नेपाल को 21 रनों से हराकर टिकट कटाया। टी20 विश्व कप 2024 सुपर-8 से ये 4 टीमें पहुंचेंगी सेमीफाइनल दरअसल, दोनों ग्रुप से टॉप की दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। टीमों को सुपर-8 में 3-3 मैच खेलने हैं और सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 2 जीत की जरूरत होगी। सेमीफाइनल नॉकआउट रहेगा। यहां हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा, जबकि विनिंग टीमें फाइनल में पहुंचेंगी, जो 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा।

# सुपर-8 में टीम इंडिया का पूरा शेड्यूल, किस दिन, किस मैदान पर किस टीम से भिड़ेंगे मैन इन ब्लूज




**T20 World Cup 2024 में सुपर-8 का बिसात बिछ चुकी है और अगले राउंड का पूरा शेड्यूल सामने गया है। 17 जून को नेपाल को हराते ही बांग्लादेश सुपर-8 में क्वालीफाई करने वाली आखिरी टीम बन गई। भारत अपने सुपर-8 अभियान की शुरुआत 20 जून को करेगा।**

**बारबाडोस:** दो जून से शुरू हुए टी-20 वर्ल्ड कप का पहला पड़ाव खत्म हो चुका है। 20 टीम के साथ शुरू हुआ यह टूर्नामेंट अब आठ टीम में आकर सिमट चुका है। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका जैसी मजबूत टीम बाहर हो चुकी है तो पहली बार टूर्नामेंट खेल रही यूएसए ने अगले राउंड में जगह बना ली है। अब टूर्नामेंट की इन टॉप-8 टीम को दो नए ग्रुप में बांटा गया है, जिनके बीच सुपर-8 की जंग होगी। हर ग्रुप से दो-दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और फिर नॉकआउट मैच के बाद फाइनल मुकाबला होगा।

**इन 8 टीम ने किया क्वालीफाई**

भारत (ग्रुप ए), USA (ग्रुप ए), ऑस्ट्रेलिया (ग्रुप बी), इंग्लैंड (ग्रुप बी), अफगानिस्तान (ग्रुप सी), वेस्टइंडीज (ग्रुप सी), साउथ अफ्रीका (ग्रुप डी) और बांग्लादेश (ग्रुप डी) जबकि पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, स्कॉटलैंड, नामीबिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यूगिनी, ओमान, श्रीलंका, नीदरलैंड्स और नेपाल पहले राउंड में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई। सुपर आठ के ग्रुप-1 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसी टीम हैं तो ग्रुप-2 में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और यूएसस शुमार है। **भारत के मैच कब-कब**?सुपर-8 राउंड में कुल 12 मैच होंगे, जो वेस्टइंडीज के एंटीगुआ, बारबाडोस, सेंट लूसिया और सेंट विंसेंट में खेले जाएंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस से करेगा। इसके दो दिन बाद यानी 22 जून को बांग्लादेश से अगली टक्कर एंटीगुआ में होगी। धमाकेदार मुकाबला 24 जून को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला जाएगा। सारे मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होंगे। साढ़े सात बजे टॉस हो जाएगा।

**सुपर 8 के दो ग्रुप** सुपर-8 फॉर्मेट में उलटफेर टूर्नामेंट से पहले रैंकिंग में टॉप आठ टीम के लिए बनाए गए सीडिंग फॉर्मेट से दो सुपर-8 के दो ग्रुप्स पहले से तय किए गए थे। हालाँकि, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बाहर होने के कारण उनकी जगह संयुक्त राज्य अमेरिका (A2), अफगानिस्तान (C1) और बांग्लादेश (D2) शामिल हुईं। सीडिंग फॉर्मेट इसलिए किया गया था ताकि ट्रेवल करने वाले फैंस को इस बात का बेहतर अंदाजा हो सके कि ग्रुप स्टेज के बाद उनकी फेवरेट टीम का मैच कहां हो सकता है।

# पाकिस्तान ने जैसे तैसे जीता अपना आखिरी मैच, 107 रन बनाने में आयरलैंड ने छुड़ा दिए छक्के




**पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2024 के अपने आखिरी मैच में आयरलैंड के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही। आयरलैंड ने सिर्फ 106 रन बनाए थे। यहां तक पहुंचने में ही पाकिस्तान की हालत खराब हो गई। अंत में जैसे तैसी बाबर आजम की टीम आयरलैंड को हराने में सफलता हासिल की।**

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा):** पाकिस्तान ने जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना सफर समाप्त किया है। पहले ही सुपर-8 से बाहर हो चुकी पाकिस्तान ने अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में आयरलैंड को 3 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तानी तेज गेंदबाजी आक्रमण के एकजुट प्रदर्शन से आयरलैंड की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 106 रन ही बना सकी। पाकिस्तान ने एक समय 62 रनों पर 6 विकेट खो दिए थे। लेकिन फिर बाबर आजम और अब्बास अफरीदी के बीच 33 रनों की साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल से निकाल दिया। अंत में शाहीन अफरीदी ने छक्का मारकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। **पाकिस्तानी तेज गेंदबाज चमके**

सीम और स्विंग के शानदार प्रदर्शन में अफरीदी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिए। मोहम्मद आमिर ने 11 रन देकर दो और हारिस राऊफ ने 17 रन देकर एक विकेट लिया और परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर आयरलैंड के पावरप्ले में 32 रन पर छह विकेट झटक लिये थे। बायें हाथ के स्पिनर इमाद वसीम ने फिर चार ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट झटके। आयरलैंड के लिए गेरेथ डेलानी 31 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे जिन्होंने 19 गेंद की पारी के दौरान तीन छक्के और एक चौका जड़ा। मार्क एडेयर (15) और जॉर्ज डॉकरेल (11) दोहरे अंक का स्कोर बनाने वाले अन्य खिलाड़ी रहे। दसवें नंबर के खिलाड़ी जोश लिटिल ने आयरलैंड को 100 रन के पार कराया और 22 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले आयरलैंड की शुरुआत काफी खराब रही, दूसरे ओवर में टीम का स्कोर चार रन पर तीन विकेट था। अफरीदी ने पहले ही ओवर में एंड्रयू बालबिर्नी और लोकरान टकर के विकेट झटक लिये। आमिर ने फिर आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टरलिंग का विकेट झटका।

# एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ गए बाबर आजम, बड़े-बड़े दिग्गजों से निकले आगे




Babar Azam ने पाकिस्तान की तीन विकेट की जीत में 34 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए और टी-20 विश्व कप में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 529 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

T20 World Cup: एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ गए बाबर आजम, बड़े-बड़े दिग्गजों से निकले आगे T20 World Cup: चौतरफा आलोचनाओं से घिरे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बीती रात आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब बाबर टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों की लिस्ट में टॉप पर आ चुके हैं। बीती रात लॉडरहिल में आयरलैंड के खिलाफ कप्तान बाबर आजम ने 34 गेंद में नाबाद 32 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को आखिरी ग्रुप मैच में तीन विकेट से हराकर सांत्वना भरी जीत दिलाई थी। चलिए आपको आगे बताते हैं कि बाबर आजम ने इस दौरान धोनी समेत किन बड़े-बड़े दिग्गजों को पीछे छोड़ा है।

**बाबर आजम (पाकिस्तान)** बाबर आजम आयरलैंड के खिलाफ 34 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाकर टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए टॉप स्कोरर भी रहे। उन्होंने चार पारियों में 101.66 की स्ट्राइक रेट और 40.66 की औसत से 122 रन बनाए। बतौर कप्तान शायद अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे बाबर के नाम टूर्नामेंट में बतौर कप्तान 17 पारियों में 549 रन हो चुके हैं।

**एमएस धोनी (भारत)** भारतीय क्रिकेट इतिहास के सफलतम कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी ने 2007, 2009, 2010, 2012, 2014 और 2016 समेत कुल छह टी-20 विश्व कप खेले, जिसकी 29 पारियों में उनके नाम कुल 529 रन दर्ज थे। अब ये रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम हो चुका है। **केन विलियमसन (न्यूजीलैंड)** भले ही केन विलियमन और न्यूजीलैंड के लिए टी-20 विश्व कप का मौजूदा संस्करण बुरे सपने की तरह गुजरा। कीवी टीम सुपर-8 राउंड तक में नहीं पहुंच पाई, लेकिन टी-20 विश्व कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लिस्ट में विलियमसन तीसरे नंबर पर आते हैं, जिनके नाम 19 पारियों में 527 रन दर्ज हैं। **महेला जयवर्धन (श्रीलंका)** श्रीलंका के महान कप्तानों में शुमार और दाएं हाथ के जबरदस्त बल्लेबाज रहे महेला जयवर्धने भी इस लिस्ट की शोभा बढ़ाते हैं। जयवर्धने ने टी-20 वर्ल्ड कप की 11 पारियों में बतौर कप्तान 360 रन बनाए हैं। साउथ अफ्रीका के धाकड़ खब्बू ओपनर ग्रीम स्मिथ ने साउथ अफ्रीका की कप्तानी करते हुए 16 पारियों में 352 रन बनाए हैं।

# कैरेबियाई धरती पर श्रीलंका का भूचाल, पहले ठोके 201 रन, फिर इतने रनों के भारी अंतर से रौंद डाला

**श्रीलंका ने अपने आखिरी लीग मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ भौकाल दिखाते हुए पहले 201 रनों का स्कोर खड़ा किया और फिर 83 रनों की धांसू जीत दर्ज की। हालांकि, इस जीत का उसके टी20 विश्व कप 2024 के सफर पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उसकी टीम सुपर-8 में जगह नहीं बना पाई है।**

**सेंट लुसिया:** टी20 विश्व कप 2024 में अपने आखिरी लीग मैच में श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 83 रनों से हरा दिया। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए थे, जबकि विपक्षी टीम को 16.4 ओवरों में 118 रनों पर समेट दिया। इस तरह उसने सेंट लुसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम, ग्रॉस आइसलेट स्टेडियम में शानदार जीत दर्ज की। हालांकि, वह सुपर-8 से पहले ही आउट हो चुका है तो यह उसका टी20 विश्व कप में आखिरी मैच रहा। इससे पहले पाकिस्तान टीम ने आयरलैंड को हराकर अपना अभियान खत्म किया था।

श्रीलंका ने नेपाल को बड़े अंतर से हरा भले दिया, लेकिन उसके प्लेयर्स के चेहरे पर हंसी नहीं थी। जाहिर है पूर्व चैंपियन के लिए यह शर्मनाक प्रदर्शन रहा। मैच की बात करें तो श्रीलंकाई टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। हालांकि, उसकी शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी। पथुम निसांका खाता खोले बिना आउट हुए।

इसके बाद कुसल मेंडिस ने 29 गेंदों में 5 चौके ठोकते हुए 46 रन ठोके, जबकि असलंका के बल्ले से भी 21 गेंदों में 5 छक्के और एक चौका के दम पर 46 रन निकले। मैथ्यूज ने 15 गेंदों में 30 रनों की नाबाद ताबड़तोड़ पारी खेली। कप्तान वानिंदु हसरंगा ने 6 गेंदों में नाबाद 20 रन ठोके, जबकि मेंडिस ने 17 और धनंजय डि सिल्वा ने 34 रन की पारी खेली। नीदरलैंड्स के लिए वान बीक ने सबसे अधिक 2 विकेट अपने नाम किए। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स टीम के लिए सिर्फ दो ही खिलाड़ी 15 से अधिक स्कोर कर सके। ओपनर मिचेल लेविट और स्कॉट एडवर्ड्स ने 31-31 रनों की पारी खेली। नुआन थुसारा ने 3 विकेट झटके, जबक वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना के खाते में 2-2 विकेट गया।




स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 सर्वे 1272 लालगुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर सिन्‌ चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फोन नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670